# लैक रिबन बांधकर कोर्ट पहुंचें, दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की सभी वकीलों से अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की जिला अदालतों में चल रहे विरोध प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सभी वकीलों से ब्लैक रिबन बांधकर अदालतों में पेश होने की अपील की है। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली की सभी जिला अदालतों में हो रहा है। अभी भी हड़ताल जारी है। यह कदम जिला अदालतों के वकीलों के साथ एकजुटता दिखाने और उनकी मांगों को समर्थन देने के लिए उठाया गया। वहीं दूसरी तरफ राउज एवेन्यू कोर्ट के बाहर वकीलों ने एलजी के पुतले के साथ मार्च किया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग को कुछ देर के लिए बंद कर प्रदर्शन किया।

**जिला अदालतों में हड़ताल पर वकील :** सभी जिला अदालतों में मंगलवार को चौथे दिन वकील हड़ताल पर रहे। इस कारण फरियादी और आरोपी परेशान रहे। इस दौरान अदालत में न जिरह हुई न ही किसी की जमानत हुई। वकीलों ने उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना की 13 अगस्त 2025 को जारी नोटिफिकेशन के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला लिया है। इसके तहत पुलिस अधिकारियों को थाने से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में गवाही देने की अनुमति देता है। मंगलवार रात को हुई कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में हड़ताल को बुधवार को भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। समिति ने घोषणा की कि अदालत परिसरों के बाहर प्रदर्शन भी किया जाएगा। साथ ही किसी भी सरकारी वकील, ईडी व सीबीआई अभियोजक और पुलिस अधिकारी (नायब अदालतों समेत) को भी अदालतों में पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मंगलवार को तीस हजारी, रोहिणी, कड़कड़डूमा, द्वारका, साकेत, राउज एवेन्यू और पटियाला हाउस जिला अदालतों में कोई सुनवाई नहीं हुई। कई महत्वपूर्ण मामले, जैसे जमानत याचिकाएं, गवाही और क्रॉस-एग्जामिनेशन (जिरह) स्थगित कर दिए गए। इस दौरान अदालत परिसरों के बाहर वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किए। तीस हजारी और रोहिणी कोर्ट के बाहर सड़क जाम कर नारेबाजी की गई। वकील कुणाल ढाकला ने बताया कि यह नोटिफिकेशन जनता के खिलाफ है। नई दिल्ली बार एसोसिएशन के सचिव तरुण राणा ने कहा कि यह हड़ताल वकीलों की नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की रक्षा के लिए है। कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ ऑल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स बार एसोसिएशंस के प्रधान सचिव अनिल कुमार बसोया ने बताया कि नोटिफिकेशन न्यायिक स्वतंत्रता और निष्पक्ष सुनवाई के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि यह नोटिफिकेशन 15 जुलाई 2024 के केंद्रीय गृह मंत्रालय के सर्कुलर का उल्लंघन करता है।

## 1.58 लाख रुपये के ट्रैफिक ऐप धोखाधड़ी में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस ने 1.58 लाख रुपये के ट्रैफिक ऐप धोखाधड़ी के आरोप में पंजाब निवासी जालसाज को गिरफ्तार किया है। उसने ट्रैफिक चालान का झांसा देकर मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करने को कहा और फिर पीड़ित का फोन हैक कर लिया।उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि जालंधर निवासी आरोपी अजय कुमार ने चोरी की रकम अपने क्रेडिट कार्ड खाते में ली थी। इसे बाद में उसने भुनाया और पुलिस से बचने के लिए पैसे को कई बैंक खातों में जमा कर दिया। अपराध में इस्तेमाल किया गया क्रेडिट कार्ड बरामद कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान अजय कुमार ने खुलासा किया कि वह समर नाम के अन्य व्यक्ति के साथ काम कर रहा था, जो पुर्तगाल स्थित एक अंतरराष्ट्रीय नंबर के माध्यम से काम करता था। समर ने अजय को ठगी गई रकम को निकालने और फिर से अन्य बैंक खातों में जमा करने निर्देश दिया था। पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित को लंबित ट्रैफिक चालान सूचना के रूप में एप इंस्टॉल करने के लिए राजी किया।

## दिल्ली में हाई-टेक चोर, कार के कोड को करते हैं डिकोड; दुबई से कनेक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य जिला पुलिस ने दिल्ली से हरियाणा के मुरथल तक लगभग 100 किलोमीटर पीछा करने के बाद वाहन चोर अमृतसर (पंजाब) निवासी अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने चोरी की हुई एसयूवी से पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने का भी प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी से चोरी की फॉर्च्यूनर कार बरामद की है। साथ ही पंजाब से तीन और लग्जरी कारें भी बरामद की हैं। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि 29 जुलाई को पांडव नगर से इनोवा कार चोरी होने की रिपोर्ट मिली थी।

पुलिस को 11 अगस्त की रात सूचना मिली कि वह दिल्ली से चोरी की हुई फॉर्च्यूनर लेकर पंजाब जा रहा है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मुरथल में पुलिसकर्मियों पर हमला करने के प्रयास का भी मामला दर्ज किया गया है। गिरोह के बदमाश पहले इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा सिस्टम से लैस लग्जरी वाहनों की पहचान करते हैं और उनके विंडस्क्रीन पर लगे होलोग्राम की तस्वीरें लेते हैं।

तस्वीरें दुबई स्थित तकनीकी विशेषज्ञ को भेजी जाती हैं, जो कोड को डिकोड करके नया कोड बनाते थे। नए कोड को गिरोह तक पहुंचाया जाता है। विशेष उपकरणों के जरिए वे वाहन की विंडो तोड़कर सुरक्षा सिस्टम को बाईपास कर वाहन चुरा लेते हैं। उसके बाद बेच देते थे।

अमनदीप का मुख्य काम चोरी किए गए वाहनों को दिल्ली से पंजाब तक पहुंचाना था। पुलिस के अनुसार, अमनदीप दिल्ली में चोरी, जालसाजी और धोखाधड़ी के नौ मामलों में पहले भी पकड़ा जा चुका है।

## दिल्ली सीएम रेखा गणेश चतुर्थी पर प्राचीन शिव मंदिर पहुंचीं, की पूजा-अर्चना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गणेश चतुर्थी के दिन कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान गणेश से दिल्ली की प्रगति और सभी विकास कार्यों को बिना किसी विघ्न के पूर्ण होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मैं देशवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। मैं प्रार्थना करती हूं कि सभी विकास कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण हों और दिल्ली तरक्की करे। भगवान गणेश हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें।आज 27 अगस्त 2025 को पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। इस पावन दिन को भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जिन्हें ज्ञान, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। गजानन, एकदंत, वक्रतुंड, सिद्धि विनायक जैसे कई नामों से पूजे जाने वाले बप्पा का आगमन भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से शुरू होता है।

इस दिन लोग अपने घरों में बप्पा की स्थापना कर विधिपूर्वक पूजन करते हैं। आरती के जरिए उनका स्वागत करते हैं। माना जाता है कि इस दिन ÷जय गणेश जय गणेश देवा÷ जैसी आरतियों का श्रद्धा भाव से गायन करने से भगवान गणेश का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**गणेश चतुर्थी 2025 का शुभ मुहूर्त :** वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 26 अगस्त को दोपहर 1¬53 बजे होगी और इसका समापन 27 अगस्त को दोपहर 3:43 बजे होगा। उदया तिथि को मान्यता दी जाती है, इसलिए पर्व 27 अगस्त को ही मनाया जाएगा। गणपति स्थापना का सबसे शुभ मुहूर्त सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक है। यह समय अभिजीत मुहूर्त माना गया है, जो अत्यंत शुभ और फलदायक होता है। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करके गणेश जी के सामने व्रत का संकल्प लेना चाहिए। इससे व्रत का फल कई गुना बढ़ जाता है और जीवन में सुख-शांति आती है।

**सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई**

जिला अदालतों के वकीलों के विरोध प्रदर्शन के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। कोर्ट परिसर के सामने वाली प्रमुख सड़कों पर वाहन चालकों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा।

## पाकिस्तान में पंजाब के छह जिलों में बाढ़ से निपटने के लिए सेना बुलाई गई




**लाहौर (पंजाब) पाकिस्तान, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के छह जिलों में नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि से बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। पंजाब सरकार तटीय क्षेत्र के गांवों को खाली करा रही है। साथ ही बचाव और राहत कार्यों में सहायता के लिए छह जिलों में सेना बुलाई गई है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने मंगलवार देर रात कहा कि भारत ने रावी नदी पर स्थित अपने थीन बांध के सभी द्वार खोल दिए हैं। इस दौरान बारिश के कारण चिनाब नदी उफान पर है। चिनाब के निचले इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। डान अखबार की खबर के अनुसार, बुधवार आधीरात बाद 2 बजे हेड मराला में चिनाब और हेड जस्सर में रावी नदियां खतरे के निशान को पार कर गईं। इससे इलाके में बाढ़ आ गई। चिनाब पर स्थित हेड खानकी और हेड कादिराबाद भी अगले 24 घंटों के भीतर खतरनाक स्तर को पार कर सकते हैं। अधिकारियों को डर है कि रावी नदी से व्यापक नुकसान हो सकता है। लाहौर और कसूर सहित कई जिलों में आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो गई है। कसूर में 72 गांव और 45,000 निवासी प्रभावित हुए हैं। पाकपट्टन, वेहारी, बहावलनगर और बहावलपुर सहित सतलुज बेसिन में हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 14,000 नागरिकों और 17,000 पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पीडीएमए ने कहा कि उसने 130 नावें, 115 आउटबोर्ड मोटरें, 500 बचावकर्मी, टेंट भी तैनात किए हैं। रेस्क्यू 1122 ने कहा कि उसने कसूर, ओकारा, पाकपट्टन, बहावलनगर और वेहारी से 28,055 लोगों को निकाला है।

## बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर सहमत



**ढाका (दक्षिण कोरिया), एजेंसी।** बांग्लादेश और दक्षिण कोरिया ने अपने मौजूदा राजनीतिक और विकासात्मक संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई है। साथ ही रणनीतिक साझेदारी के अवसर भी तलाशे हैं। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों देशों ने यह सहमति कल सियोल में आयोजित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के चौथे दौर के दौरान जताई। बांग्लादेश के अखबार द डेली स्टार की खबर में आज यह जानकारी दी गई। द डेली स्टार के अनुसार, विदेश मंत्रालय के सचिव (द्विपक्षीय-पूर्व और पश्चिम) डॉ. नजरुल इस्लाम ने बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल और कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रथम उपमंत्री पार्क यूनजू ने किया। दक्षिण कोरिया 1.3 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के साथ बांग्लादेश का पांचवां सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रदाता है। सैमसंग सहित 200 से अधिक कोरियाई कंपनियों की बांग्लादेश में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। दक्षिण कोरिया में लगभग 20,000 बांग्लादेशी नागरिक रहते हैं। इनमें से अधिकांश प्रवासी कामगार और उनके परिवार हैं।प्रतिनिधियों ने राजनीतिक और आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश, मानव संसाधन विकास, बुनियादी ढांचे के विकास, कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उत्पादन संयंत्रों के स्थानांतरण, ऊर्जा सहयोग, सुरक्षा और रोहिंग्याओं की स्थिति के साथ-साथ आपसी हित के अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा परिवर्तन, मत्स्य पालन, जैव प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, कृषि की पहचान की।

## बांग्लादेश में पुलिस का प्रदर्शनकारी इंजीनियरिंग छात्रों पर लाठीचार्ज, कम से कम 10 घायल



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर देशभर के इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों के प्रदर्शनकारी छात्रों को पुलिस ने बलपूर्वक मुख्य सलाहकार के आवास राज्य अतिथिगृह यमुना की तरफ बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने इसके लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार की। आखिर में लाठीचार्च कर उन्हें तितर-बितर करने की कोशिश की। पुलिस लाठीचार्च में कम से कम 10 व्यक्ति घायल हो गए।

द डेली स्टार और ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार इस प्रदर्शन में बांग्लादेश इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (बीयूईटी) और अन्य इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। छात्रों ने आज सुबह अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर ढाका में शाहबाग चौराहे को जाम लगा दिया। यहां से छात्र दोपहर करीब एक बजे राज्य अतिथिगृह यमुना की ओर बढ़े। पुलिस ने दोपहर करीब डेढ़ बजे बैरिकेड लगाकर जुलूस को इंटरकॉन्टिनेंटल होटल के पास रोक लिया।

पुलिस के अनुसार छात्रों ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, इसलिए उन्हें तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया गया। इसके बाद छात्र होटल के सामने बैठ गए, तो पुलिस ने पानी की बौछार शुरू कर दी। आरोप है कि इस बीच दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। रमना डिवीजन के पुलिस उपायुक्त मसूद आलम ने कहा कि छात्रों के बैरिकेड तोड़ने से स्थिति बिगड़ी और पुलिस को लाठीचार्च और बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने इस दौरान छात्र और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। प्रदर्शनकारी छात्रों ने दावा किया कि उनके शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को पुलिस ने बल प्रयोग कर कुचलने की कोशिश की। शाहबाग पुलिस थाना प्रभारी खालिद मंसूर ने कहा कि पुलिस को अपने बचाव में बल प्रयोग का सहारा लेना पड़ा। पुलिस का कहना है कि छात्रों के ढाका मार्च के कारण सुबह करीब 10 बजे शाहबाग चौराहे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। लाठीचार्ज के दौरान मेट्रो रेल शाहबाग चौराहे पर स्थिति तनावपूर्ण रही। बीएलएफ ने बीजिंग पर बलोच स्वतंत्रता आंदोलन को आतंकवाद बताकर अपनी औपनिवेशिक भूमिका को छुपाने का आरोप लगाया। प्रवक्ता ने कहा, बलोचिस्तान के संसाधनों की लूट में पाकिस्तान के साथ साझेदारी करने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई सफलता हासिल नहीं होगी। बीएलएफ ने सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को भी चेतावनी दी और दोनों देशों से बलोचिस्तान में निवेश से बचने का आग्रह किया। ग्वारम बलोच ने पाकिस्तान की सेना पर बलोचिस्तान में नागरिकों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। समूह ने अपना रुख दोहराया कि बलोच मुक्ति आंदोलन पाकिस्तान का आंतरिक मामला नहीं है। ग्वारम ने सीधे तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और चीन को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि बलोचिस्तान के संसाधनों का दोहन करने में पाकिस्तान के साथ गठबंधन करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा, यह जापान नहीं है, आयरलैंड नहीं है, या कोई और क्षेत्र नहीं है। यह बलोचिस्तान है। विरोधियों के लिए इसका भूगोल कठोर है, लेकिन बलोचों का प्रतिरोध कहीं ज्यादा कठोर है। समूह के प्रवक्ता ने कहा कि बीएलएफ को पड़ोसी देशों और वैश्विक शक्तियों से वित्तीय, सैन्य और कूटनीतिक समर्थन की आवश्यकता है। बलोच ने यह भी कहा, हमें अपना संघर्ष शुरू करने या खत्म करने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। बलोच राष्ट्र किसी भी कीमत पर अपने खनिजों, तेल, गैस और तटरेखा की रक्षा करेगा।

## 37 दिन डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड अफसर से ठगे 3.22 करोड़ रुपये, फर्जी कोर्ट में कराई पेशी, धमकाया



**नोएडा, एजेंसी।** साइबर जालसाजों ने एक परिवार को 37 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर वायु सेना के सेवानिवृत अधिकारी से 3 करोड़ 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने व बचाने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट के दौरान कथित पीएमएलए कोर्ट में पेश भी किया। मामले में साइबर थाने में केस दर्ज किया गया है। सेक्टर 25 में रहने वाली मलोबिका मित्रा ने पुलिस से शिकायत की है कि वह माता पिता के साथ रहती हैं। पिता सुबीर मित्रा के पास 16 जुलाई को ट्राई के नाम से एक व्यक्ति ने फोन किया और कहा, आपके नाम से जारी एक सिम से अश्लील मैसेज व गलत जानकारी भेजी जा रही है। इसके बाद कॉलर ने मुंबई क्राइम ब्रांच के कथित अधिकारी को लगा दिया। इसके बाद कथित पुलिस अधिकारी ने कहा, आपके आधार कार्ड से मुंबई में केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है। इसका इस्तेमाल नरेश गोयल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में हो रहा है।

इसके बाद कथित पुलिस अधिकारी ने कहा, मामले में आपके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है और तुरंत मुंबई आना होगा। इसके बाद सुबीर, पत्नी व बेटी तीनों को जालसाजों ने डराया और 16 जुलाई से 22 अगस्त तक तीनों को घर में डिजिटल अरेस्ट कर लिया। इस दौरान जालसाजों ने कथित रूप से पीएमएलए कोर्ट में ऑनलाइन पेश किया। इस पर कोर्ट ने कथित तौर से फैसला दिया कि सुबीर के खाते का सत्यापन किया जाए। इस पर जालसाजों ने कहा, खाते में जितनी भी रकम है, उसे अलग-अलग खाते में भेज दें। अगर सत्यापन में सभी जांच ठीक हुई तब रकम वापस भेजी जाएगी। इसके बाद जालसाजों ने अलग-अलग खातों में 3.22 करोड़ ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद जालसाजों ने संपर्क तोड़ लिया तब परिवार को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद इस मामले की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर की। साइबर क्राइम थाने में भी केस दर्ज किया गया है। ठगी की जानकारी मिली है। शिकायत मिलते ही पुलिस उन खातों की जांच कर रही है जिनमें रकम ट्रांसफर की गई है।

## केशव पुरम में मुठभेड़, दो वॉन्टेड बदमाश घायल; पुलिस को ऐसे मिली बड़ी कामयाबी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केशव पुरम थाना पुलिस ने देर रात एक गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस टीम ने दो संदिग्धों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मोहित, हेड कांस्टेबल संजीव और कांस्टेबल राम किशोर शामिल थे। सूचना मिली थी कि दो अपराधी सुनसान जगह पर मौजूद हैं। जैसे ही पुलिस ने उन्हें घेरने की कोशिश की, एक आरोपी राजू उर्फ अजय उर्फ कंगारू ने गोली चला दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। फायरिंग में राजू के दाहिने पैर में गोली लगी। दूसरे आरोपी, रवि को भी मौके से पकड़ लिया गया। लिस ने रवि के पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया। राजू उर्फ कंगारू 12 आपराधिक मामलों और रवि उर्फ गोटिया 7 मामलों में पहले से वांछित था। दोनों के खिलाफ पुलिस ने कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## एडवांस नहीं देने पर कर्मी ने गोदाम से उड़ाए 4.50 लाख रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एडवांस में वेतन नहीं देने से नाराज कर्मचारी ने कंपनी के गोदाम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी गोदाम से 4.50 लाख रुपये की चोरी कर भाग गया। पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने प्लास्टिक के बोरे से अपना चेहरा छिपा लिया। लेकिन सीसीटीवी फुटेज में फैक्टरी में मौजूद कुत्तों का चोर के साथ मिलनसार व्यवहार देखकर पुलिस को किसी कर्मचारी के वारदात में शामिल होने का शक हुआ। पुलिस ने कर्मचारी मुमताज को गिरफ्तार कर 3.14 लाख रुपये बरामद कर लिए।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 19 अगस्त की देर रात पुलिस को नजफगढ़ स्थित एक कंपनी के गोदाम से 4.50 लाख रुपये चोरी होने की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता धर्मपुरा निवासी मुकुल जैन की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने उन कर्मचारियों से पूछताछ की, जिन्हें नकदी के बारे में जानकारी थी। सीसीटीवी में दिख रहे चोर का हुलिया एक कर्मचारी मुमताज से मिल रहा था। पुलिस ने तकनीकी जांच कर संदिग्ध के वारदात के समय लोकेशन के बारे में जानकारी ली। पता चला कि मुमताज उस समय घटनास्थल के पास मौजूद था। जांच में पता चला कि वह गोदाम में मजदूरी करता था और अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नजफगढ़ के धर्मपुरा में रहता है।

## वाहन चोर गिरफ्तार, 4 लग्जरी कारें बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य जिला पुलिस ने दिल्ली से हरियाणा के मुरथल तक लगभग 100 किलोमीटर पीछा करने के बाद वाहन चोर अमृतसर (पंजाब) निवासी अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने चोरी की हुई एसयूवी से पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने का भी प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी से चोरी की फॉर्च्यूनर कार बरामद की है। साथ ही पंजाब से तीन और लग्जरी कारें भी बरामद की हैं।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि 29 जुलाई को पांडव नगर से इनोवा कार चोरी होने की रिपोर्ट मिली थी। पुलिस को 11 अगस्त की रात सूचना मिली कि वह दिल्ली से चोरी की हुई फॉर्च्यूनर लेकर पंजाब जा रहा है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मुरथल में पुलिसकर्मियों पर हमला करने के प्रयास का भी मामला दर्ज किया गया है। गिरोह के बदमाश पहले इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा सिस्टम से लैस लग्जरी वाहनों की पहचान करते हैं और उनके विंडस्क्रीन पर लगे होलोग्राम की तस्वीरें लेते हैं। तस्वीरें दुबई स्थित तकनीकी विशेषज्ञ को भेजी जाती हैं, जो कोड को डिकोड करके नया कोड बनाते थे। नए कोड को गिरोह तक पहुंचाया जाता है। विशेष उपकरणों के जरिए वे वाहन की विंडो तोड़कर सुरक्षा सिस्टम को बाईपास कर वाहन चुरा लेते हैं। अमनदीप का मुख्य काम चोरी किए गए वाहनों को दिल्ली से पंजाब तक पहुंचाना था। पुलिस के अनुसार, अमनदीप दिल्ली में चोरी, जालसाजी और धोखाधड़ी के नौ मामलों में पहले भी पकड़ा जा चुका है।

# भाजपा राज में अधिकारी ही है भू-माफिया : कुँवर सिंह

## कार्यवाही हेतु आर्थिक अपराध ब्यूरो पुलिस अधीक्षक रीवा को दिया गया ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** पूरे प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहे है जिनमे शिकायते भी जिला कलेक्टर से लेकर संभागायुक्त तक की जा रही है लेकिन भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्यवाही होती नजर नही आती है। जिसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व किसान नेता कुंवर सिंह पटेल एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने भ्रस्टाचार की पोल खोलते हुए कार्यवाही हेतु आर्थिक अपराध ब्यूरो पुलिस अधीक्षक रीवा को शिकायती आवेदन दिया गया। कि शहडोल जिले के ब्यौहारी तहसील अंतर्गत ग्राम खड़हुली में मध्य प्रदेश सरकार की भूमि एवं खसरे में दर्ज गैर हकदार व चरनोई शब्द को विलोपित कर देना अधिकार के पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी विक्रय के माध्यम से भूमि स्वामी बनकर मध्य प्रदेश सरकार को लगभग 200 करोड़ का आर्थिक घाटा पहुंचाया गया है।

उपरोक्त कृत्य खड़हाली के वर्तमान हल्का पटवारी राजेंद्र द्विवेदी एवं पटवारी प्रदीप तिवारी वर्तमान पदस्थ हल्का पटवारी छतैनी दोनों पदस्थ व्यवहारी तहसील जिला शहडोल एवं तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा भुवनेश्वर सिंह तहसीलदार व्यवहारी एवं अनुविभागीय अधिकारी नरेंद्र सिंह धुर्वे तथा जिला कलेक्टर वंदना बेद्य आईएएस की सहमति से ग्राम खंडहुली की लगभग 20 किता आराजिया जो पूर्व में गैर हकदार चरनोई एवं मध्य प्रदेश शासन रिकॉर्ड में दर्ज थी।

बिना किसी सक्षम अधिकारी के भूमि स्वामियों के हक में मध्य प्रदेश शासन, गैर हकदार एवं चरनोई शब्द हटाकर दर्ज भूमि स्वामियों को भूमि स्वामित्व घोषित कर एवं मध्य प्रदेश शासन की भूमियों में अवैध रूप से बिना सक्षम आदेश के भूमि स्वामी के जरिए विक्रय कर संपूर्ण आराजियों द्वारा अपने नाम कर ली गई जबकि तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा वर्तमान पदस्थापना सिंगरौली तहसील सरई है।

मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता के अनुसार किसी भी नायब तहसीलदार को मध्य प्रदेश सरकार की भू-माफिया एवं गैर हकदार एवं चरनोई को खसरे से हटाने की अधिकारिकता नहीं है तथा उपरोक्त खसरे में दर्ज़गी को हटाने का अधिकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को है। लेकिन तत्कालीन नायब तहसीलदार अमित मिश्रा तहसीलदार भुवनेश्वर सिंह ने मध्य प्रदेश सरकार की भूमियों एवं गैर हकदार व चरनोई शब्दों को विलोपित करके मध्य प्रदेश सरकार के नियमों के विपरीत अपने पद का दुरुपयोग कर उपरोक्त भूमियों को विक्रय करके लगभग 200 करोड़ की आर्थिक क्षति मध्य प्रदेश सरकार को पहुंचाएं हैं उपरोक्त भूमिया ग्राम खड्डहली की आराजी क्रमांक 203 के बटा नंबर 203/1/2,203/2/2,203/2/3,203/2/4, 194/1,108/2/2/1/1/2,113/1,113/2,112/2,119/2/2,108/2/1/1,117,39,40,164,201,202,199/2/2 इस प्रकार लगभग 20 नंबर को जिसमें मध्य प्रदेश शासन की भूमिया कुछ भूमियों में गैर हकदार एवं कुछ भूमियों में चरनोई शब्द खसरे में अंकित थे।

# 2 दिन नहीं होगी पेयजल की सप्लाई, 4 लाख लोग होंगे परेशान




**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** नगर निगम क्षेत्र में 28 और 29 अगस्त को जलापूर्ति बंद रहेगी। बीपीसीएल द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने के काम के दौरान मुख्य राइजिंग पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे लगभग 4 लाख लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ेगा।

नगर निगम कमिश्नर सविता प्रधान के अनुसार बुधवार सुबह 7 बजे से जल आपूर्ति रोक दी गई है। रिहंद डैम से पंपों की सप्लाई भी बंद कर दी गई है। आवश्यकता पड़ने पर टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाएगी।

एक सप्ताह में यह दूसरी बार है जब बीपीसीएल ने पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया है। नगर निगम ने कंपनी को चेतावनी दी है। कंपनी पर जुर्माना लगाया जाएगा। पाइपलाइन की मरम्मत का खर्च भी कंपनी को वहन करना होगा। पाइपलाइन की मरम्मत के लिए शहर की टंकियों को खाली करना आवश्यक है। निगम अधिकारियों को उम्मीद है कि 48 घंटे के भीतर पाइपलाइन की मरम्मत पूरी हो जाएगी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की रैली से जाम, दो एंबुलेंस फंसी; पटाखे से एक युवक घायल

### अजय अवस्थी के स्वागत में हुआ था कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के चयन पर बुधवार को एक रैली निकाली गई। यह जय स्तंभ चौक से कांग्रेस भवन तक निकाली गई। इस दौरान कई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



**कलेक्ट्रेट के पास दो एम्बुलेंस जाम में फंसी:** रैली के कारण कलेक्ट्रेट के पास दो एम्बुलेंस जाम में फंस गईं। जिला अस्पताल कलेक्ट्रेट के सामने ही स्थित है। इस वजह से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कांग्रेस भवन के सामने जब कार्यकर्ता पटाखे फोड़ रहे थे, तब एक पटाखा एक युवक के कान के पास जा लगा। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने तुरंत स्थिति संभाली और युवक के परिवार को समझा-बुझाकर मामला शांत करवाया।

**लोग बोले-रैली से आमजनों को नहीं होनी चाहिए परेशानी:** रैली में कार्यकर्ताओं ने अजय अवस्थी और कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाए। कांग्रेस ने इस रैली के जरिए क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दिखाने की कोशिश की। कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी स्थानीय लोगों की परेशानियों पर चिंता जताई। उनका कहना था कि राजनीतिक कार्यक्रमों से आम जनता की सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

# रात को नोटिस दिया, सुबह मकान गिराया

## महिला बेहोश, प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश पर की कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** विंध्यनगर क्षेत्र के डोढी में बुधवार को प्रशासन ने जमीन विवाद मामले में कार्रवाई की। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक मकान को ढहा दिया।

**हाईकोर्ट आदेश पर प्रशासन ने की कार्रवाई:** वीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि दुर्गावती पांडेय ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। कोर्ट ने प्रशासन को दुर्गावती पांडेय को बेदखल कर वीरेंद्र को कब्जा देने का आदेश दिया।

**मकान तोड़ने पर महिला बेहोश:** जमीन विवाद में प्रशासन ने जब हाईकोर्ट के आदेश पर दुर्गावती पांडेय का मकान तोड़ना शुरू किया, तभी वे तनाव से दुर्गावती बेहोश हो गई। आनन-फानन में परिजन और पुलिस उन्हें जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद परिवारजन और ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला।

**बिना मौका दिए प्रशासन ने गिराया मकान:** दुर्गावती के बेटे राकेश पांडेय का कहना है कि उन्होंने वीरेंद्र को 85 डिसमिल जमीन बेची थी, लेकिन 10 डिसमिल जमीन नहीं बेची थी। उनका आरोप है कि प्रशासन ने कल रात नोटिस चिपकाया। सुबह मकान ढहा दिया गया।

एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा ने कहा कि वे सिर्फ न्यायालय के आदेश का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी को आपत्ति है, तो वह न्यायालय जा सकते हैं।

# आजीविका फ्रेश मेले में जिले के स्व सहायता समूहों ने की सहभागिता




**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** प्रकृति एवं संपूर्ण मानव प्रजाति को रसायन के जहर एवं उससे होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश डे- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन भोपाल हर्षिका सिंह के कुशल मार्गदर्शन में पूर्व से ही स्व सहायता समूह द्वारा तैयार किये जा रहे जैविक उत्पादों को बेहतर बाजार एवं पहचान दिलाने के लिए 23 से 24 अगस्त 2025 तक भोपाल हाट में आजीविका फ्रेश मेला आयोजित किए जाने की क्रांतिकारी पहल की गई है। मध्यप्रदेश डे- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सीधी से स्व सहायता समूहों एवं उत्पादक समूहों द्वारा तैयार किया जा रहे जैविक उत्पाद कोदो, महुआ लड्डू, महुआ बिस्किट, मल्टीग्रेन आटा, जौ दलिया, गेहूं दलिया देसी घी तुअर दाल हल्दी, अचार, वर्मी कंपोस्ट, जैविक कीटनाशक को कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के सफल मार्गदर्शन में भोपाल हाट में आयोजित आजीविका फ्रेश मेले में प्रदर्शन सह बिक्री के लिए लगाए गए।

मेले में सीधी जिले के जैविक उत्पादों को मेले में आने वाले ग्राहकों द्वारा अच्छी खरीददारी की गई। मेले में उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए जिले का प्रतिनिधित्व कर रही ललिता मिश्रा कृषि सखी विकासखंड सिहावल एवं विमलेश यादव कृषि सखी विकासखंड सीधी में अच्छा उत्साह और आत्मविश्वास रहा। आगामी मेले संभाग स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

# अमहिया पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। आरोपी का नाम निशांत कुमार दुबे है, जो ग्राम विशार, थाना चोरहटा, जिला रीवा का निवासी है। उसे मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

**घटना का विवरण इस प्रकार है:** फरियादी सौरभ मिश्रा, निवासी शारदा पुरम रीवा, ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मोटरसाइकिल होंडा शाइन, क्रमांक एमपी 17 एमएक्स 7632, 26 अगस्त को समदड़िया गोल्ड रीवा की बेसमेंट पार्किंग से चोरी कर ली गई थी।

रिपोर्ट के आधार पर थाना अमहिया में अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल रीवा में भेज दिया गया है।

# खाद के लिए किसानों ने किया हंगामा, घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी नहीं मिली यूरिया; अधिकारी बोले- मांग बढ़ी, आपूर्ति कम



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले में खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। बुधवार को जिला विपणन कार्यालय में सैकड़ों किसान सुबह से ही यूरिया लेने पहुंचे। मुख्यालय से सटे गांवों से आए किसानों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी यूरिया नहीं मिल पाई।

किसान रामभद्र साहू ने बताया कि वह एक सप्ताह से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। यूरिया के ट्रक तो आते हैं, लेकिन खाद कहां जाती है, यह पता नहीं चलता। खुले बाजार में खाद ऊंचे दामों पर मिल रही है। किसानों को मजबूरी में अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

कड़ी धूप में लंबी लाइनों में खड़े रहने के बाद भी किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इससे नाराज होकर किसानों ने कार्यालय परिसर में हंगामा किया। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही और कालाबाजारी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

सहायक संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह का कहना है कि लगातार ट्रक से यूरिया की आपूर्ति की जा रही है। इस बार मांग अधिक होने से दुकानों में भीड़ बढ़ गई है। विभाग की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि किसी किसान को परेशानी न हो। जल्द ही सभी को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करा दी जाएगी।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26, विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** विज्ञान भारती, एनसीईआरटी एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा संस्कृति मंत्रालय के एनसीएसएम के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों हेतु निर्धारित है। एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट शोध कार्यों से अवगत कराना है। प्रतियोगिता के पाठ्यक्रम में 40 प्रतिशत भारतीय ज्ञान विज्ञान एवं महान वैज्ञानिक शांति स्वरुप भटनागर जी की जीवनी पर आधारित होगा, वहीं 60 प्रतिशत भाग विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित रहेगा।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत- नवोदय विद्यालय चुरहट में मनाया गया गणेश उत्सव



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** भारत सरकार की राष्ट्रीय एकता और विविधता को प्रोत्साहन देने हेतु नवोदय विद्यालयों में माइग्रेशन नीति आरंभ की गई है। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के प्राचार्य डॉ डी के त्रिपाठी ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त राजेश लखानी और क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग के उपायुक्त आरके वर्मा, सहायक आयुक्त लेखराज मीणा, सहायक आयुक्त एवं संकुल प्रभारी दीक्षा ज्योति मिश्रा के निर्देशन में नीति के तहत जेएनवी चुरहट में महाराष्ट्र के हिंगोली के विद्यार्थी कक्षा नवीं में 1 वर्ष के लिए पढ़ते हैं और जेनवि चुरहट के विद्यार्थी हिंगोली में अध्ययन करते हैं। सांस्कृतिक दूरियों को कम करने के लिए भारत सरकार और शिक्षा मंत्रालय की शानदार पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत हम भारत के अन्य राज्यों की संस्कृति को जानते हैं। इसी को चरितार्थ करते हुए जेएनवी चुरहट में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्राचार्य द्वारा गणेश जी का विधिवत पूजन माइग्रेशन के छात्र-छात्राओं के साथ किया गया। भजन व संगीत गणपति बप्पा मोरया के नारों के साथ पूरा विद्यालय भक्तिमय में हो गया। कार्यक्रम का संचालन सुलभा सतीश रहाटे (टीजीटी मराठी) रिचा द्वारा किया गया। साथ ही समस्त स्टाफ का सकारात्मक सहयोग रहा।

# पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय चुरहट में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया

## सांसद ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया





**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में पी एम श्री स्कूल जवाहर नवोदय चुरहट में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ डी के त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि सांसद, शैलेश द्विवेदी उपखंड अधिकारी चुरहट, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशुतोष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि का साल श्रीफल पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राजेश मिश्रा सांसद द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, कालवेलिया नृत्य, पंजाबी नृत्य, योगा, बालिकाओं द्वारा स्वयं सुरक्षा प्रदर्शन, योगा प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

सांसद द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वाद और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतरिक्ष मिशन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला कि किस तरह युवाओं के अंदर वैज्ञानिक सोच पैदा करना चाहते है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला द्वारा स्थापित नये कीर्तिमान से बच्चों को अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। रजनीश शुक्ला, पालक शिक्षक संघ के सदस्य प्रवेश पांडेय आए हुए सम्मानित अतिथियों द्वारा प्राचार्य डॉ डी के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में चल रहे विद्यालय की सराहना की गई।

कार्यक्रम में जिले के गणमान्य व्यक्ति, सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# वेतन निर्धारण के प्रस्ताव अब ऑनलाइन भेजें : संयुक्त संचालक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** प्रत्येक शासकीय कर्मचारी की सेवा पुस्तिका का समय-समय पर संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय रीवा से सत्यापन किया जाता है। शासन के निर्देशों के अनुसार सेवा पुस्तिकाओं के सत्यापन की ऑनलाइन व्यवस्था लागू कर दी गई है। इस संबंध में संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा एमएस पैकरा ने बताया कि सभी आहरण संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा- पुस्तिका आईएफएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करा दें।

# ट्रंप टैरिफ पर खरी-खरी

संपादकीय

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ आज से लागू हो सकता है अथवा कोई मध्य-मार्ग सामने आ सकता है। टैरिफ कम भी किया जा सकता है। उच्च स्तरीय बातचीत का दौर जारी है। अमरीका और भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, लिहाजा लंबे वक्त तक टकराव की स्थितियां किसी के पक्ष में नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मास्को में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जो बयान दिए हैं, उनके बेहद गहरे निहितार्थ हैं। भारत को अपने 146 करोड़ से अधिक देशवासियों के ऊर्जा संबंधी हितों की सुरक्षा करनी है। भारत स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है, लिहाजा रूस से तेल खरीदने का उसका फैसला भी स्वतंत्र है। भारत से तेल खरीदने वाले देश भी स्वतंत्र हैं कि वे तेल खरीदें अथवा न खरीदें। अलबत्ता भारत रूस से कच्चा तेल आयात करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद पर प्रत्यक्ष प्रहार तो नहीं किया, लेकिन उसे 'स्वार्थ की कूटनीति' करार दिया। प्रधानमंत्री ने खरी-खरी सुनाई कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और छोटे उद्यमियों के हितों से न तो समझौता करेगा और न ही किसी के दबाव में आएगा। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर साफ किया कि अमरीका को भारत के कृषि-बाजार में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमरीका भारत पर 25 फीसदी टैरिफ पहले ही थोप चुका है और 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होना है। अमरीका की खुन्नस है कि भारत रूस से कच्चा तेल लगातार आयात क्यों कर रहा है? सवाल राष्ट्रपति ट्रंप और यूरोपीय देशों से किए जाने चाहिए। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के अलास्का में हालिया शिखर संवाद के बाद राष्ट्रपति पुतिन ने यह तस्दीक की थी कि ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से अमरीका-रूस के द्विपक्षीय कारोबार में 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोपीय संघ को आईना दिखाया था कि एक तरफ यूरोपीय देश यूक्रेन को रूस से युद्ध जारी रखने के लिए धन और हथियार मुहैया कराते रहे हैं। दूसरी ओर रूस के साथ तेल और गैस का कारोबार लगातार कर रहे हैं। तो किस आधार पर पश्चिमी देश भारत से नैतिकता और त्याग की अपेक्षाएं करते रहे हैं? ट्रंप टैरिफ पर प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री की स्वतंत्र और स्पष्ट अभिव्यक्ति अमरीका और यूरोप को खरी-खरी सुनाती है। गौरतलब यह है कि आज के नए भारत पर ऐसे टैरिफवाद का जरा-सा भी असर दिखाई नहीं दे रहा है। अमरीका की प्रतिष्ठित ग्लोबल रेटिंग एजेंसी 'फिच' ने अपनी रपट में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ा और सकारात्मक खुलासा किया है।

## इजरायल को अब ऐसे रोक रहा ईरान

### इराक से कौन समेट रहा बोरिया-बिस्तर?

सूफी खान

मिडिल ईस्ट में नई जंग का आगाज हो गया है। खबर है कि ईरान ने इजरायल पर हमले करवाने शुरू कर दिए हैं। दरअसल, यमन के अंसारुल्लाह या हौती लड़ाकों के जरिए इजरायल पर जो क्लस्टर बम मारे गए थे, कहीं न कहीं उसके पीछे ईरान की मदद बताई जाती है। वजह साफ है इजरायल ने गाजा पर कब्जा करने का अपना फाइनल एक्शन शुरू कर दिया है। इस पर खित्ते के अमीर अरब मुल्क भले ही चुप रहें, लेकिन ईरान और उसके हिमायती संगठन तो चुप होने से रहे। यही वजह है कि हूती गाजा पर कब्जे की इजरायली कोशिश को रोकने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। लेकिन अंसारुल्लाह के खिलाफ इजरायल ने भी पलटवार किया है और यमन की राजधानी सना में कई जगह पर हवाई हमले किए। ये हमले इतवार को किए गए, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 35 लोगों के जख्मी होने की खबर है। मिडिल ईस्ट एक्सपर्ट कहते हैं कि एयरबेस से तेल भरा जा रहा है और फिर वो जहाज यमन पर हमला कर रहे हैं। खित्ते के अरब मुल्क खुलकर इजरायल के समर्थन में उतर आए हैं। यही वजह है कि इजरायल ने गाजा खाली कराने के लिए बड़े हमले शुरू कर दिए हैं और इस वक्त इजरायल की इस मुहिम में सबसे बड़ा रोड़ा है यमन के अंसारुल्लाह फाइटर, जो सिर पर कफन बांधकर गाजा बचाने के लिए मैदान में डटे रहने का दावा कर रहे हैं। इस बीच अमेरिका ने इराक में अपना ऐन अल असद एयरबेस खाली करना शुरू कर दिया है। अमेरिकी फौजें वहां से वापस जाने लगी हैं। इराकी अलसुमारिया न्यूज के मुताबिक, अमेरिका रातों-रात इराक का अपना ये अहम एयरबेस छोड़कर निकल रहा है। हालांकि, इसकी वजह बताई जा रही है कि ऐन अल-असद एयरबेस से यह वापसी बगदाद और वॉशिंगटन के बीच इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के मिशन को पूरा करने और एक गैर-लड़ाकू सुरक्षा साझेदारी में परिवर्तन के लिए हुए समझौते को नाफिज करने का हिस्सा है। लेकिन एक्सपर्ट कहते हैं कि ये अमेरिकी एयरबेस ईरान के सबसे करीब है। अब बढ़ने जा रही जंग में ये एयरबेस ईरान का सबसे करीबी टारगेट है। ऐसे में अमेरिका ने वहां से निकलना ही मुनासिब समझा।

अब गाजा के लिए अंसारुल्लाह और इजरायल और भिड़ेंगे। जिस तरह से इजरायल ने सना में प्रेसिडेंट हाउस पर अटैक किया है और अंसारुल्लाह लीडर्स की टारगेट किलिंग की फिराक में है, उससे ये दिखने लगा है कि गाजा को खाली करने में जो भी आड़े आए वो उस पर आक्रामक हो जाएगा। ईरान के सुप्रीम लीडर इमाम खामेनेई ने एक बार फिर मुस्लिम अरब मुल्कों को कहा है कि वो इजरायल के लिए अपनी सप्लाई लाइन बंद करें। लेकिन अरब मुल्कों की सऊदी में अलग ही बैठकें चल रही हैं। इनमें क्या चर्चा हो रही है और इन मीटिंग का रिजल्ट क्या होगा? ये कोई नहीं जानता। गाजा पर जिस तरह से इजरायल आक्रामक हो रहा है, उससे तो यही लगता है कि अब उसके गाजा खाली कराने को लेकर या तो अरब मुल्कों की अंदरखाने सहमति या कोई डील है या फिर वो इस मामले में उलझना ही नहीं चाहते।

> भारत के पास अवसर हैं, लेकिन उसके लिए स्वदेशी जरूरी है। भारत के पास एक विशाल घरेलू बाजार है जो स्वदेशी उत्पादों की स्थिर मांग बन सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से स्वदेशी उद्योगों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया जा सकता है और उसके लिए नवाचार और उद्यमशील युवा को बल और साथ मिलना जरूरी है। आवश्यक है कि नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन, तकनीकी नवाचार में निवेश, और सामाजिक मानसिकता में बदलाव लाकर स्वदेशी को एक सशक्त और प्रतिस्पर्धी विकल्प बनाया जाए....

# आर्थिक ब्रह्मास्त्र है स्वदेशी

डा. वरिंद्र भाटिया




देश में अमरीका के हठी रुख के कारण केंद्र द्वारा स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया गया है। यह आह्वान एक महत्वपूर्ण उद्घोष है, ताकि अमरीका की कुत्सित आर्थिक नीतियों को गांधीगिरी से माकूल जवाब दिया जा सके। स्वदेशी का अर्थ है 'अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना और विदेशी वस्तुओं के उपयोग से बचना।' इसका उद्देश्य ग्राम या देश के अधिकतम लोगों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को खरीदना और इस्तेमाल करना होता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम हो। साधारण शब्दों में, स्वदेशी का अर्थ है अपने देश की चीजों का समर्थन करना और विदेशी चीजों से बचना। इस विचार को मुख्यत~ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों में बढ़ावा दिया गया था ताकि विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार से देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। वर्ष 1905 के बंग-भंग विरोधी जनजागरण से स्वदेशी आंदोलन को बहुत बल मिला। यह 1911 तक चला और गांधी जी के भारत में पदार्पण के पूर्व सभी सफल आंदोलनों में से एक था। अरविंदो घोष, रवींद्रनाथ ठाकुर, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय स्वदेशी आंदोलन के मुख्य उद्घोषक थे। आगे चलकर यही स्वदेशी आंदोलन महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन का भी केन्द्र-बिन्दु बन गया। राष्ट्रपिता ने इसे 'स्वराज की आत्मा' कहा था। 'स्वदेशी' का विचार कांग्रेस के जन्म से पहले ही दे दिया गया था।

जब 1905 ईस्वी में बंग-भंग हुआ, तब स्वदेशी का नारा जोरों से अपनाया गया। उसी वर्ष कांग्रेस ने भी इसके पक्ष में मत प्रकट किया। देशी पूंजीपति उस समय मिलें खोल रहे थे, इसलिए स्वदेशी आंदोलन उनके लिए बड़ा ही लाभदायक सिद्ध हुआ। भारत में स्वदेशी का पहले-पहल नारा बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने 1872 ईस्वी में ही विज्ञानसभा का प्रस्ताव रखते हुए दिया था। उन्होंने कहा था, 'जो विज्ञान स्वदेशी होने पर हमारा दास होता, वह विदेशी होने के कारण हमारा प्रभु बन बैठा है, हम लोग दिन-ब-दिन साधनहीन होते जा रहे हैं। अगस्त 1905 में कलकत्ता के टाउनहॉल में एक विशाल बैठक आयोजित की गई जिसमें स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक घोषणा की गई। मैनचेस्टर में निर्मित कपड़ों तथा लिवरपूल के नमक जैसे सामानों के बहिष्कार का संदेश प्रचारित किया गया। इसी कड़ी में बंगाल के लोगों ने वंदे मातरम् गीत गाकर व्यापक विरोध प्रदर्शित किया। और रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा 'आमार शोनार बांग्ला' की रचना की गई। हालांकि यह आंदोलन मुख्य रूप से बंगाल तक ही सीमित था, लेकिन भारत के कुछ अलग-अलग हिस्सों में भी इसका प्रसार देखा गया जैसे बाल गंगाधर तिलक के नेतृत्व में पूना और बॉम्बे में, लाला लाजपत राय और अजीत सिंह के नेतृत्व में पंजाब में, सैयद हैदर रजा के नेतृत्व में दिल्ली में, मद्रास में चिदंबरम पिल्लई के नेतृत्व में इत्यादि।

स्वदेशी आंदोलन का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिससे न केवल ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार को बढ़ावा मिला, बल्कि स्वदेशी उद्योगों और राष्ट्रीय शिक्षा को भी प्रोत्साहन मिला। स्वदेशी आंदोलन ने भारतीय उद्योगों को बढ़ावा दिया, जिससे कपड़ा मिलें, साबुन और माचिस की फैक्टरियां, चमड़े के कारखाने, बैंक, बीमा कंपनियां और दुकानें स्थापित हुई। क्या यह अब हमारे लिए जरूरी नहीं है। स्वदेशी आंदोलन के परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की स्थापना की गई और बंगाल नेशनल कॉलेज और देश भर में कई राष्ट्रीय स्कूल और कॉलेज खोले गए। स्वदेशी आंदोलन ने विदेशी वस्तुओं, विशेष रूप से कपड़ों, चीनी, नमक और विलासिता की वस्तुओं का बहिष्कार किया, जिससे उनकी बिक्री में कमी आई। क्या इस तरह के आंदोलन की आज जरूरत नहीं है? अमेरिकी बॉस की भारत को आर्थिक तौर पर नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों के संदर्भ में प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी का आह्वान यदि पूरे देश मे एक आंदोलन का रूप ले ले तो अमरीकी हितों को एक बड़ा झटका लगेगा, स्वदेशी हमारी दीर्घकालीन आर्थिक नीति का आवश्यक हिस्सा होना चाहिए, देश का नीति आयोग इस पर ध्यान दे। हमें स्वदेशी साधनों के उपयोग पर बल देना चाहिए। आज के दौर में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की जरूरत फिर से महसूस होने लगी है। विकसित देश उन्हीं के होते हैं, जिनमें स्वदेशी उत्पादों का उत्पादन होता है। यदि हम दूसरे देशों पर निर्भर रहेंगे, तो वे हमें मजबूरी में ऊंचे दाम पर चीजें बेचेंगे और हमें उन्हें खरीदने की आवश्यकता होगी। स्वदेशी आंदोलन, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, आज आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का आधार बन चुका है। यह आंदोलन न केवल आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देता है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत करता है। हर भारतीय को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की जरूरत है, क्योंकि यह देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, रोजगार सृजन करने और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से न केवल विदेशी आयात पर निर्भरता कम होती है, बल्कि स्थानीय कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलता है। यह आंदोलन भारत को एक मजबूत और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने का संकल्प है। हर भारतीय को इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहिए, क्योंकि स्वदेशी अपनाना केवल खरीददारी का निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक कदम है। भारतीय समाज का एक वर्ग स्वदेशी वस्तुओं को गर्व और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ता है तो दूसरी तरफ शहरी मध्यवर्ग और उच्चवर्ग के लिए आज भी विदेशी ब्रांड एक 'प्रतिष्ठा प्रतीक' बने हुए हैं जिससे स्वदेशी उत्पादों को विपणन और ब्रांडिंग के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।

इसलिए सरकार सब कुछ करेगी, यह मानना गलत होगा। सभी भारतीयों को स्वदेशी आंदोलन से जुडना होगा और स्वदेशी को बल देना होगा। सरकार और उद्यमी को भी गुणवत्ता और नवाचार को स्वीकार करना होगा तथा छोटे उद्यमों को ऋण, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता की व्यवस्था करनी होगी। स्वदेशी उत्पादों की ब्रांड पहचान भी जरूरी रहेगी। भारत के पास अवसर हैं, लेकिन उसके लिए स्वदेशी जरूरी है। भारत के पास एक विशाल घरेलू बाजार है जो स्वदेशी उत्पादों की स्थिर मांग बन सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से स्वदेशी उद्योगों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया जा सकता है और उसके लिए नवाचार और उद्यमशील युवा को बल और साथ मिलना जरूरी है। आवश्यक है कि नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन, तकनीकी नवाचार में निवेश, और सामाजिक मानसिकता में बदलाव लाकर स्वदेशी को एक सशक्त और प्रतिस्पर्धी विकल्प बनाया जाए। यदि भारत 'ग्लोबल इन विजन, लोकल इन प्रैक्टिस' की नीति अपनाए, तो स्वदेशी आंदोलन 21वीं सदी में भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर कर सकता है। याद रहे कि विदेशी चीजों के इस्तेमाल से दुश्मन के हिमायती देशों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और हर देशवासी को ऐसा नहीं करना है।

# मेरिट बनाम मौकापरस्ती, राधाकृष्णन के सामने सुदर्शन

> रेड्डी का न्यायिक रिकार्ड भी विश्वास नहीं जगाता। 2011 में छत्तीसगढ़ में माओवाद विरोधी पहल सलवा जुडूम को खारिज करने का उनका फैसला भारत की माओवादी हिंसा से लड़ाई के लिए झटका माना गया। आज जब माओवाद की समस्या लगभग समाप्ति की ओर है तब रेड्डी का फैसला कई सवाल खड़े करता है।

शहजाद पूनावाला।

देश में उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। भाजपा की अगुआई वाले राजग तथा कांग्रेस की अगुआई वाले विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने अपने-अपने उम्मीदवारों का चयन कर लिया है। राजग ने सीपी राधाकृष्णन को प्रत्याशी बनाया है। इसके उलट आइएनडीआइए ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। ये दोनों राष्ट्र के लिए दो बिल्कुल विपरीत दृष्टिकोणों की तस्वीर पेश करते हैं।

वास्तव में यह चुनाव मेरिट बनाम मौकापरस्ती की टक्कर है। सीपी राधाकृष्णन ने कोयंबटूर से दो बार सांसद के रूप में सेवा की और दशकों की निष्ठा के जरिए जनता का विश्वास अर्जित किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में उन्होंने संवैधानिक दायित्वों को गरिमा और दृढ़ता के साथ निभाया, आम आदमी से जुड़े रहे और सामाजिक परिवर्तन सुनिश्चित किया। उनका उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचना जनता और संविधान के प्रति आजीवन सेवा की मान्यता है। उनकी उम्मीदवारी तमिलों और दक्षिण भारत के कई लोगों के लिए व्यक्तिगत भावनाओं से जुड़ी है। यह संकेत है कि नई दिल्ली में उनकी आवाज मायने रखती है। यह कोई रहस्य नहीं कि कांग्रेस शासन के चरम काल में तमिलनाडु अक्सर राष्ट्रीय राजनीति से उपेक्षित महसूस करता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह स्थिति बदली है। राधाकृष्णन का उत्थान नए भारत की कहानी में तमिलनाडु की केंद्रीयता का सशक्त प्रतीक है। पीएम मोदी की तमिलनाडु के प्रति प्रतिबद्धता इस नामांकन से कहीं आगे जाती है। पिछले एक




दशक में उन्होंने सुनिश्चित किया है कि तमिल नेता भारत की शासन प्रणाली में अग्रणी भूमिका निभाएं। जैसे कि डा. तमिलिसाई सैंदरराजन ने तेलंगाना और पुदुचेरी के राज्यपाल के रूप में अपनी विशेषज्ञता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया। निर्मला सीतारमण का रक्षा और वित्त मंत्री के रूप में कार्यकाल भारत की आर्थिक दृढ़ता का वैश्विक प्रतीक बना है। डा. एस. जयशंकर की तीक्ष्ण कूटनीति और विदेश मंत्री के रूप में सेवा ने भारत की आवाज को विश्व मंच पर बुलंद किया है।

ये सिर्फ प्रतीकात्मक नियुक्तियां नहीं हैं, बल्कि यह प्रमाण है कि पीएम मोदी तमिलनाडु को प्रतिभा का पावरहाउस और हमारी सामूहिक भारतीय विरासत का भंडार मानते हैं। संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्राचीन तमिल ग्रंथ तिरुक्कुरल का उद्धरण देना, तमिल को विश्व की सबसे पुरानी भाषा घोषित करना या पवित्र सेंगोल को सम्मान की जगह देना, ये पल केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि तमिल पहचान को भारत के आत्मा का अभिन्न हिस्सा मानने का उत्सव हैं। इसमें काशी तमिल संगमम और सौराष्ट्र तमिल संगमम जैसी पहलें भी जुड़ जाती हैं, जो तमिल परंपराओं को अन्य क्षेत्रों की परंपराओं से जोड़ती हैं। राधाकृष्णन इसी एक भारत की भावना का प्रतीक हैं।

इसके विपरीत आइएनडीआइए के चुनाव में अवसरवाद और पाखंड की बू आ रही है, जिससे साफ है कि यह गठबंधन सिद्धांतों से अधिक राजनीतिक अवसरवाद पर केंद्रित है। 2013 में जब रेड्डी को गोवा का पहला लोकायुक्त नियुक्त किया गया था, तब कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने उन्हें भाजपा का ÷हां-में-हां मिलाने वाला आदमी÷ बताया था। आज 2025 में वही कांग्रेस-नेतृत्व वाला गठबंधन उन्हें ÷न्याय का चैंपियन÷ बता रहा है। रेड्डी का न्यायिक रिकार्ड भी विश्वास नहीं जगाता। 2011 में छत्तीसगढ़ में माओवाद विरोधी पहल सलवा जुडूम को खारिज करने का उनका फैसला भारत की माओवादी हिंसा से लड़ाई के लिए झटका माना गया। आज जब माओवाद की समस्या लगभग समाप्ति की ओर है, तब रेड्डी का फैसला कई सवाल खड़े करता है। क्या हम ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति की कुर्सी पर देखना चाहेंगे? भोपाल गैस त्रासदी मामले में भी रेड्डी द्वारा इसे दोबारा न खोलने का फैसला उनकी विरासत पर दाग है। उनका नामांकन मध्य प्रदेश के लोगों के लिए उस अन्याय की क्रूर याद जैसा है। जब न्यायमूर्ति रंजन गोगोई ने राज्यसभा सदस्यता स्वीकार की थी, तब कांग्रेस ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मुद्दा उठाते हुए एनडीए पर राजनीति का आरोप लगाया था, लेकिन अब वही सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व जज को उपराष्ट्रपति पद के लिए खड़ा कर रही है। रेड्डी का नामांकन आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षेत्रीय भावनाओं को भुनाने का एक सोचा-समझा प्रयास प्रतीत होता है। जबकि गठबंधन के पास पर्याप्त संख्या ही नहीं है। ऐसा लगता है कि वे एक तेलुगु व्यक्ति को असफल होने के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। सच कहें तो कांग्रेस ने हमेशा तेलुगु गौरव और नेताओं को अपमानित किया है-चाहे वह टी अंजैया हों या पीवी नरसिंह राव।

पीएम मोदी ने हमेशा हाशिए पर रहे तमिल स्वरों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया है। राज्यपाल के रूप में सेवा देने वाले इला गणेशन और केंद्रीय मंत्री डा. एल मुरुगन जैसे नेता उदाहरण हैं। वहीं आइएनडीआइए का चुनाव हताशा से भरा, आखिरी क्षणों में कथा गढ़ने का प्रयास है। यह जंग है एक स्वयंसेवक की, जो राष्ट्र प्रथम को मानता है, बनाम उस व्यक्ति की, जो पारिवारिक राजनीतिक सुविधा को संविधान और वैचारिक प्रतिबद्धता से ऊपर रखता है।

# चिकित्सक में सेवाभाव ही सर्वोपरि : डॉ अशोक गुप्ता

## आई एम ए सतना ने किया डॉ गुप्ता को सम्मानित

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना द्वारा देश के सुविख्यात प्लास्टिक सर्जन एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत डॉक्टर अशोक गुप्ता को स्थानीय पार्क होटल मे आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ अमित भाटी एवं डॉ कपिल राऊत, अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल, एडिटर डॉ आर के नेमा, सचिव डॉ अलोक खन्ना, कोषाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता, डॉ संगीता जैन एवं उपस्थित सभी डॉक्टर्स द्वारा सम्मान पत्र भेंट किया गया साथ ही उनकी धर्मपत्नी डॉ कंचन गुप्ता को भी सम्मानित कर स्वागत किया गया।






डॉ. गुप्ता ने चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर सेवा, अनुसंधान और मानवता के प्रति समर्पण से समाज में विशेष पहचान बनाई है। भारत सरकार द्वारा उन्हें प्रदान किया गया पद्मश्री अलंकरण उनके अद्वितीय योगदान की स्वीकृति है। इस अवसर पर आई एम ए सतना के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ. गुप्ता ने चिकित्सा पेशे में उत्कृष्ट कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास किया है। उनका जीवन चिकित्सकों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

समारोह में शहर के वरिष्ठ डॉक्टर्स मुख्य रूप से डॉ आशीष जैन, डॉ राजेश जैन, डॉ डी के तिवारी, डॉ नीलेश्वर शर्मा, डॉ नरेंद्र शर्मा, डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ नवल नेमा, डॉ आरख , डॉ रजनीश जायसवाल डॉ संजय माहेश्वरी डॉ रेखा माहेश्वरी, डॉ प्रीति नेमा, डॉ अशोक अवधिया, डॉ जी पी सिंह, डॉ मनोज जगवानी, डॉ अनुज पाण्डे, डॉ रेखा पाण्डे, डॉ ज्योत्सना जैन, डॉ भूमिका जगवानी, डॉ सुनीता गुप्ता,डॉ राजीव गुप्ता, डॉ रमेश पांडे , डॉ सुमित अग्रवाल, डॉ पूजा गुप्ता, डॉ कार्तिकेय गुप्ता, डॉ प्रतिमा कुम्हारे, डॉ वी के गौतम, डॉ कुम्हारे, डॉ पुनीत अग्रवाल, डॉ मीनाक्षी अग्रवाल डॉ प्रवीण चौधरी, डॉ अमर सिंह एवं अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर डॉ. गुप्ता का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

आई एम ए सतना ने आशा व्यक्त की कि डॉ. गुप्ता की कार्यशैली और सेवाभाव नई पीढ़ी के चिकित्सकों को भी समाजहित में योगदान करने के लिए प्रेरित करेगा। डॉ गुप्ता ने अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में आपने द्वारा देश हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि पद्मश्री अवार्ड प्राप्त होना निश्चित ही गौरव का विषय है परंतु मुझे पेशेंट की सेवा कर उनके दुख दूर होने पर पेशेंट के चेहरे की खुशी एवं उनके द्वारा दिया गया आशीर्वाद ही सर्वोपरि है। डॉ गुप्ता ने अपने जीवन के अनुभव सभी डॉक्टर्स के मध्य साझा किए और कहा कि डॉक्टर्स को मरीज के साथ सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करना चाहिए।

## जबलपुर से लाई गईं प्रतिमाओं की डिमांड, गणेश चतुर्थी पर 20 पंडालों में स्थापना, जिले में छुट्टी घोषित



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** गणेश चतुर्थी पर नगर के 20 से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना हो रही है। अधिकतर प्रतिमाएं 150 किलोमीटर दूर जबलपुर से लाई गई हैं। बुधवार दोपहर से श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को पंडालों तक ले गए। नगरीय क्षेत्र में पुरानी बस्ती, घंटाघर, सब्जी मंडी, गल्ला मंदिर और रेलवे स्टेशन रोड पर मंडलियों ने रंग-बिरंगे पंडाल सजाए हैं।

**6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर होगा समापन:** पुजारी योगेश महाराज ने बताया कि इस वर्ष गणेश चतुर्थी पर कई शुभ योग बन रहे हैं। बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित है। हिंदू पंचांग के अनुसार, गणपति स्थापना का शुभ समय 27 अगस्त को सुबह 11:05 से शाम तक का है। मगर मध्याह्न काल पूजा के लिए यह समय सर्वोत्तम माना गया है। दस दिवसीय उत्सव का समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर होगा।

**गणेश चतुर्थी पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित:** प्रशासन ने सभी मंडलियों को मूर्ति स्थापना और विसर्जन के दिशा-निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने गणेश चतुर्थी पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित की है। इस साल बच्चों में गणेश स्थापना को लेकर खास उत्साह है। जबलपुर के कलाकारों की ओर से बनाई गई प्रतिमाएं मैहर में सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। ये प्रतिमाएं बड़े पंडालों की शोभा बढ़ा रही हैं।

## रामवनगमन मार्ग पर स्कार्पियो-ऑटो की भिड़ंत, रिक्शा पलटा; 3 की मौत

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार की रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रामवनगमन मार्ग पर स्कार्पियो और ऑटो रिक्शा की सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गई।



मृतकों में अजय उर्फ पप्पू कुशवाहा (35) की मौके पर ही मौत हो गई। अरुण कुशवाहा (40) और नंदू कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले उचेहरा अस्पताल ले जाया गया और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

तीनों मैहर के रहने वाले थे और ऑटो से सतना से मैहर लौट रहे थे। नौगवां के पास सामने से आ रही स्कार्पियो ने ऑटो को जोर से टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया और हादसा हो गया।

पुलिस ने स्कार्पियो और ऑटो को जब्त कर लिया है। आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

## ट्रेन में तकनीकी खराबी, 12 घंटे परेशान रहे यात्री

### क्षिप्रा एक्सप्रेस के 4 कोच में एसी बंद, जूझते रहे लोग; सवा घंटे सतना स्टेशन पर खड़ी रही

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** इंदौर से हावड़ा जा रही क्षिप्रा एक्सप्रेस (22911) में बुधवार को यात्रियों ने बड़ा हंगामा किया। उज्जैन से निकलने के बाद बी-1 से बी-4 तक के चार एसी कोचों में तकनीकी खराबी आ गई थी। लगातार 12 घंटे तक समस्या बनी रही। स्टाफ को शिकायतें देने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। हालत बिगड़ने पर दोपहर 12:50 बजे जैसे ही ट्रेन सतना स्टेशन पर रुकी, यात्रियों ने विरोध शुरू कर दिया। इसके चलते ट्रेन करीब सवा घंटे प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ी रही।



**तकनीशियन दुरुस्त नहीं कर पाए खराबी:** यात्रियों ने पहले ही उज्जैन से शिकायत दर्ज कराई थी। रास्ते में कई स्टेशनों पर टेक्निकल स्टाफ ने समस्या देखी, लेकिन सुधार नहीं कर पाए। टीटीई ने यात्रियों को भरोसा दिलाया कि अगले स्टेशन पर समस्या हल होगी, लेकिन एसी कोच की दिक्कत जस की तस बनी रही।

**गर्मी से परेशान हुए यात्री:** हावड़ा जाने वाले यात्री आर. एन. सिंह ने बताया कि गर्मी के कारण बच्चों समेत सभी लोगों की हालत खराब हो गई थी। हर स्टेशन पर लोग एसी की मरम्मत की उम्मीद करते रहे, लेकिन कोई हल नहीं निकला। परेशान होकर सतना पहुंचने पर यात्रियों को हंगामा करना पड़ा।

**जीआरपी-आरपीएफ और अधिकारी पहुंचे मौके पर:** सतना में हुए हंगामे की सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और स्टेशन मास्टर मौके पर पहुंचे। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को समझाया। उज्जैन से सतना तक का सफर 12 घंटे में पूरा हुआ। विरोध के चलते ट्रेन स्टेशन पर सवा घंटे से ज्यादा खड़ी रही।

## क्रेशर के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन; 15 दिन में कार्रवाई की मांग



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले की मझगवां तहसील के ग्राम भियामाऊ के खेरवा गांव में स्टोन माइन और क्रेशर को लेकर विवाद बढ़ गया है। मंगलवार को गांव के 20 से ज्यादा लोग एसडीएम सिटी के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

**गांव में धूल ही धूल, लोग पड़ रहे बीमार:** ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले से ही एक स्टोन क्रेशर चल रहा है। अब दूसरे क्रेशर की अनुमति मिलने से हालात और खराब हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि क्रेशर से उठने वाली धूल और धुएं से आसमान में काला गुबार छा जाता है, जिससे सांस लेने में दिक्कत होती है। दमा, टीबी और श्वास रोग जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**15 दिन में कार्रवाई की मांग:** लोगों ने हैवी ब्लास्टिंग से होने वाले कंपन, पानी की कमी और फसलों को हो रहे नुकसान की समस्या भी बताई। उनका कहना है कि नियमों के खिलाफ चल रहे इस क्रेशर को तुरंत बंद किया जाए और नए खनन की अनुमति भी रद्द की जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया है। गांव के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर इस दौरान कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

## पशु तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 4 अरेस्ट

### लोगों के घरों से चुराते थे भैंसें, 62 लाख के 40 मवेशी, 2 ट्रक और 4 बाइक बरामद

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पुलिस ने अंतरराज्यीय पशु तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने उचेहरा थाना क्षेत्र से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 40 मवेशी, 2 मिनी ट्रक और 4 बाइक बरामद की गई है। मवेशियों की कीमत 62 लाख रुपए है।



मामला 24 अगस्त का है। पिपरिया गांव के रहनेवाले सुशील कुमार ने दो भैंसों को घर के बाहर वाले कमरे बांधा था। अगली सुबह भैंसें नहीं मिली। उन्होंने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पोंड़ी-गरादा गांव में दबिश दी। वहां से रामानुज को हिरासत में लिया।

**आरोपियों ने चोरी की बात कबूली:** पूछताछ में रामानुज ने तीन साथियों के साथ मवेशी चोरी की बात कबूल की। वारदात में रामानुज के साथ जैन मोहम्मद, शफीक खान और मोहम्मद अरशद शामिल थे। ये सभी उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के रहने वाले हैं। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की दो भैंसों समेत 40 मवेशी बरामद किए गए। इसके साथ 4 बाइक और 2 डीसीएम ट्रक भी जब्त किए। ट्रकों के नंबर यूपी 71 सीटी 3053 और यूपी 71 एटी 0644 हैं।

**आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया:** पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। गिरोह से मिली सूचना पर जिले के सभी थानों को अलर्ट किया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।

## अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, शिकायत करने वाले के मकान का रैंप भी सरकारी जमीन पर था; प्रशासन ने दोनों पर की कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** वार्ड 3 में सरकारी जमीन पर किए अवैध निर्माण को प्रशासन ने हटा दिया। मंगलवार की शाम नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई की। बगहा बस्ती की गली नंबर 4 में एक व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण किया था। पड़ोसी ने इसकी शिकायत प्रशासन से की। हालांकि कार्रवाई के दौरान उसके घर के बाहर अवैध रूप से लगा रैंप भी तोड़ दिया गया।



**यह है पूरा मामला:** दरअसल एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के खिलाफ अतिक्रमण की शिकायत की। जिसपर कार्रवाई के लिए टीम पहुंची। टीम ने देखा कि पड़ोसी ने 30 फीट लंबी और 8 फीट ऊंची पक्की बाउंड्री सरकारी जमीन पर बनाई है।

प्रशासन ने पहले नोटिस जारी किया। व्यक्ति ने फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसके बाद प्रशासन ने जेसीबी से अतिक्रमण तोड़ दिया। खास बात यह है कि इस दौरान शिकायत करने वाले के मकान के बाहर भी रैंप सरकारी जमीन पर लगा था जिसे प्रशासन ने तोड़ दिया।

अतिक्रमण अधिकारी हिमांशु सिंह ने बताया कि अवैध निर्माण हटाने में नगर निगम को जो खर्च हुआ है, वह दोनों अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा।

## शहर में 66 जगह विराजमान होंगे भगवान गणेश; कोलगवां में 40, सिटी कोतवाली में 16 और सिविल लाइन में 10 पंडाल



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** गणेश चतुर्थी के महापर्व पर शहर में 66 स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित हो रही हैं। कोलगवां थाना क्षेत्र में 40, सिटी कोतवाली इलाके में 16 और सिविल लाइन थाना इलाके में 10 पंडाल बनाए गए हैं। मंगलवार को बाजार में गणेशोत्सव की तैयारियों को लेकर काफी चहल-पहल रही। लोग पूजन सामग्री और प्रतिमाएं खरीदने में जुटे रहे। रीवा रोड, बरदाडीह चौराहा और राजेन्द्र नगर में मूर्तियां खरीदने के लिए देर रात तक भीड़ उमड़ी।

श्री साईं समर्थ मंदिर के महंत पं. संदीप पांडेय के अनुसार, इस वर्ष गणेश चतुर्थी पर कई शुभ योगों का संयोग बन रहा है। बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित होने से पर्व का महत्व और बढ़ गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार, गणपति की स्थापना का सबसे शुभ समय 27 अगस्त को सुबह 11:05 से दोपहर 1:40 बजे तक है। यह मध्याह्न काल पूजा के लिए सर्वोत्तम माना गया है। दस दिवसीय उत्सव का समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर होगा।

# स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल नागौद में आयोजित हुआ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, नागौद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सतना के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर क्राइम और महिलाओं/बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति सचेत एवं जागरूक करना रहा।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सतना के सचिव माननीय न्यायाधीश महोदय शंकर मिश्रा जी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव विजय पाल सिंह, एडवोकेट मुख्तार अहमद, मध्यप्रदेश योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह, विद्यालय की डायरेक्टर शशी सिंह, विद्यालय के प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव एवं पेयलीगल वालेंटियर शिखा पाठक मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर हुआ।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और विद्यार्थियों के जीवन में विधिक जागरूकता की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात मध्यप्रदेश योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह ने उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिकता और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात विद्यालय की डायरेक्टर शशी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं और उन्हें सही दिशा प्रदान करते हैं। तदोपरांत मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश महोदय शंकर मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित हुए साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी सोशल मीडिया का दुरुपयोग और महिलाओं/बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के सुझाव दिए और कहा कि जागरूकता ही बचाव है। इसके उपरांत एडवोकेट मुख्तार अहमद ने भी अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रकार और उनसे बचाव के उपायों के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत विधिक सेवा प्राधिकरण से मदद लेनी चाहिए। तथा आपने बताया कि हम इसे जागरूकता कार्यक्रम सभी जगह आयोजित करते है जिससे लोग साइबर फ्राड से अपने आप को बचा सके। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका गरिमा सिंह एवं अभिसिकता सिंह ने किया।

## सतना बस स्टैंड में स्कूटी एवं नफीस बस की भिड़ंत में युवती घायल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** फ्लाईओवर के नीचे स्टेट बैंक के बैंक के सामने बस एवं स्कूटी की जोरदार टक्कर। जिसमें स्कूटी चालक के पैर में गंभीर चोटें आई, सतना से चित्रकूट जा रही बस क्रमांक एमपी 19 पी 1370 के पिछले पहिये में स्कूटी टकरा गई।

# नर्मदापुरम में सागौन के 356 पेड़ों की अवैध कटाई, इटारसी रेंज में 1.55 करोड़ का नुकसान; जिमेदार अफसरों पर नहीं हुई कार्रवाई



**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम जिले के इटारसी रेंज अंतर्गत छीपीखापा के जंगल में सागौन के 356 बेशकीमती पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। इस कटाई से वन विभाग को करीब 1.55 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। खास बात यह है कि यह कटाई पिछले डेढ़ साल में धीरे-धीरे होती रही, लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने न तो कोई ठोस कदम उठाया और न ही समय रहते कार्रवाई की।

**डीएफओ के कार्यकाल में माफिया सक्रिय :** मामला डीएफओ मयंक गुर्जर के कार्यकाल के दौरान का है। रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय तक सागौन माफिया सक्रिय रहे और जंगल से कीमती लकड़ी काटकर ले गए। बावजूद इसके इटारसी रेंज के एसडीओ मानसिंह मरावी और तत्कालीन रेंजर महेंद्र कुमार गौर ने मामले में न तो सटीक निरीक्षण किया और न ही कोई एक्शन लिया।

**कार्रवाई की फाइल सीसीएफ को भेजी गई :** डीएफओ मयंक गुर्जर ने 25 अगस्त को मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) नर्मदापुरम को पत्र भेजा है। इसमें एसडीओ और तत्कालीन रेंजर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए आरोप पत्र जारी करने की सिफारिश की गई है।

**गोल्ड वुड कहलाता है इटारसी का सागौन :** इटारसी रेंज का सागौन %गोल्ड वुड% के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र की पांडरी सब रेंज की क्ष्त्र 112 बीट में यह अवैध कटाई की गई। जब मामला उजागर हुआ, तब अज्ञात लोगों के खिलाफ पीओआर दर्ज किया गया था। जांच के लिए जब उड़नदस्ता दल पहुंचा तो 1.55 करोड़ रुपए कीमत की लकड़ी की कटाई की पुष्टि हुई।

**वन कर्मचारी संघ ने की शिकायत :** वन कर्मचारी संघ के संरक्षक रिटायर्ड एसडीओ मधुकर चतुर्वेदी ने डीएफओ के खिलाफ भी सीसीएफ को शिकायत पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि इस बड़े नुकसान को वरिष्ठ अधिकारियों से छिपाया गया और कार्रवाई में गंभीर लापरवाही बरती गई।

**बीट गार्ड पर कार्रवाई, लेकिन बाकी अफसर अब भी बचे :** इस मामले में सिर्फ निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। बीट गार्ड राजेश सरियाम और तत्कालीन बीट गार्ड राजेश यादव को 15 अक्टूबर 2024 को निलंबित किया गया था। बाद में राजेश यादव को बहाल कर तीन वेतनवृद्धियां रोकने की सजा दी गई। लेकिन राजेश सरियाम के खिलाफ अब तक कार्रवाई लंबित है।

**जिम्मेदार अफसर अब भी कार्रवाई से बाहर :** स्थानीय लोगों ने बताया कि सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि एसडीओ मानसिंह मरावी और तत्कालीन रेंजर महेंद्र कुमार गौर को अब तक आरोप पत्र तक जारी नहीं किया गया है, जबकि दोनों की लापरवाही और निरीक्षण में गड़बड़ी स्पष्ट रूप से उजागर हो चुकी है।

**इन अधिकारियों को भी जारी होगा आरोप पत्र :** अवैध कटाई के दौरान पदस्थ रहे तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी हरिओम मनु, वनपाल गोपीचंद शर्मा, शिवकुमार तिवारी, आरके नागवंशी और कार्यवाहक वनपाल अजय श्रीवास्तव ने भी त्रुटिपूर्ण बीट निरीक्षण किया था। अब इनके खिलाफ भी आरोप पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ बोले- हमारे आने के पहले का मामला मामले में एसडीओ मानसिंह मरावी ने बताया कि ये अवैध कटाई करीब 3 साल पहले की है। उड़नदस्ता टीम ने वर्तमान और 3 साल पुराने ठूंठ को देखा। यह सब हमारे आने के पहले का है। हमारे रेंज अफसर महेंद्र गौर गणना कराई, कोई ऐसी गलती नहीं की। हमने तो कार्रवाई की है।

## कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के बयान का सागर में विरोध, महिलाओं ने पीसीसी चीफ पटवारी का पुतला जलाया; बोलीं-कांग्रेस का राजनीतिक विनाश तय



**सागर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के उस बयान पर सियासी बवाल मच गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मध्यप्रदेश की महिलाएं देश में सबसे ज्यादा शराब पीती हैं। इस बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार रात सागर के नमक मंडी चौराहे पर भाजपा महिला मोर्चा ने पटवारी का पुतला फूंका और नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव ने किया। बड़ी संख्या में महिलाएं मौके पर मौजूद रहीं।

**जिला अध्यक्ष बोलीं- पवित्र तीज पर महिलाओं का अपमान :** प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष संध्या भार्गव ने कहा कि जब महिलाएं हरतालिका तीज जैसे पवित्र पर्व पर उपवास रखकर अखंड साधना में लीन थीं, उस समय कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान बेहद अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं रानी पद्मावती जैसी वीरांगनाओं की परंपरा से जुड़ी हैं, जो बलिदान और सम्मान की प्रतीक हैं। पटवारी का यह बयान पूरी मातृशक्ति का अपमान है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही हैं। महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, यही कांग्रेस नेताओं को रास नहीं आ रहा। इसलिए वे इस तरह के बयान देकर महिलाओं को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं।

## कुत्ते के लिए आरआई ने कॉन्स्टेबल को बेल्ट से पीटा:खरगोन में रात डेढ़ बजे घर बुलाया, गालियां दीं



**खरगोन, एजेंसी ।** खरगोन में पालतू डॉग के गुम होने से नाराज रिजर्व इंस्पेक्टर (आरआई) ने कॉन्स्टेबल की पिटाई कर दी। कॉन्स्टेबल का आरोप है कि आरआई और उनकी पत्नी ने जातिसूचक अपशब्द कहे और बेल्ट से पीटा। मामला 23 अगस्त का है। सोशल मीडिया पर चोटें दिखाने का वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित कॉन्स्टेबल राहुल चौहान ने बुधवार को अजाक (अनुसूचित जाति/जनजाति) थाने में लिखित शिकायत दी है। इस वीडियो में वह अपने हाथ, पैर, कमर और पीठ पर पड़े नीले निशान दिखा रहा है। एसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। 23 अगस्त की रात करीब 10 बजे गुमा डॉग 20 घंटे बाद अगले दिन शाम को घर के पास ही मिल गया।

**देर रात डेढ़ बजे सरकारी आवास पर बुलाया :** कॉन्स्टेबल राहुल चौहान ने बताया कि उसकी ड्यूटी आरआई सौरभ कुशवाहा के सरकारी आवास पर लगी थी। 23 अगस्त की रात 10 बजे आरआई कुशवाहा ड्यूटी पूरी कर घर लौटे तो राहुल अपने क्वार्टर पर आ गया। देर रात करीब 1~30 बजे आरआई ने उसे फोन कर तुरंत आने को कहा। राहुल पहुंचा तो आरआई ने अपने पालतू कुत्ते के गायब होने पर नाराजगी जताई। फिर उसकी पिटाई कर दी।

## छतरपुर में कॉस्मेटिक व्यापारी की मौतप्रताप सागर तालाब में मिला शव, परिजन बोले- लंबे समय से था बीमार




**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित प्रताप सागर तालाब में बुधवार दोपहर एक युवक का शव मिला। तालाब में शव दिखाई देने पर आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय तैराक की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

**स्कूटी और मोबाइल तालाब किनारे मिला :** मृतक की पहचान हेमंत (41), पिता सूरज पाल, निवासी सरानी दरवाजा के रूप में हुई है। वह बाजार में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता था और पिछले दो वर्षों से गंभीर रूप से बीमार था। बुधवार सुबह वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी लेकर घर से निकला था, लेकिन दोपहर में प्रताप सागर तालाब के पास उसकी स्कूटी और मोबाइल फोन पड़े मिले। स्थानीय लोगों ने जब यह देखा तो उन्होंने परिवार और पुलिस को सूचना दी।

**परिजन पहुंचे, तनाव और बीमारी की जानकारी दी :** परिजनों ने बताया कि हेमंत काफी समय से बीमारी से पीड़ित था। लंबे समय से इलाज चल रहा था और इसी के चलते वह तनाव में रहने लगा था और शराब का सेवन भी करने लगा था। पिता सूरज पाल ने बताया कि बीमारी के कारण हेमंत मानसिक रूप से परेशान था और इस वजह से आत्मघाती कदम उठाया हो सकता है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, संभवतः युवक ने बीमारी और मानसिक तनाव के चलते यह कदम उठाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जाएगी। फिलहाल घटनास्थल से कोई संदिग्ध वस्तु या साक्ष्य नहीं मिले हैं।

## प्रसिद्ध चिंतामन मंदिर में लगा एक लाख लड्डूओं का भोग, तीन रूपों में दर्शन देंगे भगवान गणेश; सुबह 6 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा मंदिर



**उज्जैन, एजेंसी।** आज गणेश चतुर्थी का पहला दिन है, आज आपको उज्जैन के ऐसे गणेश मंदिर के दर्शन कराते हैं जहां भगवान गणेश एक साथ तीन रूपों में विराजते हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में तीन रूप में विराजित चिंतामन, इच्छामन और सिद्धि विनायक गणेश की प्रतिमा की स्थापना भगवान राम, लक्ष्मण और सीता जी ने की थी। देशभर के खास और प्रसिद्ध गणेश मंदिर में से एक उज्जैन से करीब 6 किलोमीटर दूर चिंतामन गणेश जी का प्रसिद्ध मंदिर है जहां भगवान श्री गणेश के तीन रूप एक साथ विराजमान हैं, जो कि चिंतामन गणेश, इच्छामन गणेश और सिद्धिविनायक के रूप में जाने जाते हैं।

ये अपने भक्तों को अनोखे स्वरूप में दर्शन देते हैं। मान्यता है कि यहां भक्त गणेश जी के दर्शन कर मंदिर के पीछे उल्टा स्वास्तिक बनाकर मनोकामना मांगते हैं। जब उसकी मनोकामना पूर्ण हो जाती है तो वह वापस दर्शन करने आते हैं और मंदिर में सीधा स्वास्तिक बनाते हैं। कई भक्त यहां रक्षा सूत्र बांधते हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर रक्षा सूत्र छोड़ने आते हैं।

**सुबह 6 से रात 10 बजे तक सतत दर्शन :** चिंतामन गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार प्रातः 4 बजे पट खोले गए। 6:30 बजे चोला आरती और 7:30 बजे भोग आरती की गई। 56 भोग भी लगाया गया है। रात 9:30 बजे शयन आरती होगी। इन दस दिनों में भगवान को रोजाना एक लाख लड्डूओं का भोग लगाया जाएगा। यह प्रसाद के रूप में दिनभर भक्तों को बांट दिया जाएगा।चिंतामन गणेश मंदिर में आने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। मंदिर को फूलों से सजाया गया है। पर्व पर मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# गिनीज बुक में रिकॉर्ड होगा नर्मदा पाइपलाइन का फूटना, नेता प्रतिपक्ष ने कहा- 400 बार फूटना वैश्विक मामला; कलेक्टर बोले- ये विपक्ष का नवाचार



**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा शहर में पेयजल संकट का कारण बन चुकी नर्मदा जलापूर्ति पाइपलाइन अब अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। विपक्ष के नेता मुल्लू राठौर ने दावा किया है कि यह पाइपलाइन अब तक 400 से अधिक बार फूट चुकी है, जो एक अभूतपूर्व आंकड़ा है। उन्होंने इस मामले को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया, जिसे प्रारंभिक रूप से स्वीकृति मिल चुकी है।श्री चिंताहरण गणेश जी की ऐसी अद्भुत और आलोकिक प्रतिमा देश में शायद ही कहीं होगी। इनका श्रृंगार सिंदूर से किया जाता है। मोदक एवं मोतीचूर के लड्डू का भोग ृगार से पहले भगवान गणेश का दूध और जल से अभिषेक किया गया और विशेष रूप से मोदक एवं मोतीचूर के लड्डू का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा विशेषकर तीन पत्ती वाली दूब चढाई जाती है। चिंतामणी गणेश चिंताओं को दूर करते हैं इच्छामणी गणेश इच्छाओं को पूर्ण करते हैं और सिद्धिविनायक रिद्धि-सिद्धि देते हैं। इसी वजह से दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन के पहुंचते हैं।

गिनीज बुक प्रबंधन की ओर से राठौर से इस आंकड़े को लेकर आधिकारिक दस्तावेज और प्रमाण मांगे गए हैं। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को पत्र लिखकर नर्मदा पाइपलाइन के फूटने की घटनाओं का विस्तृत रिकॉर्ड मांगा है।

**कलेक्टर ने मामला नगर निगम को भेजा :** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इस आवेदन को नगर निगम कमिश्नर प्रियंका सिंह राजावत को फारवर्ड कर दिया है और निर्देश दिए हैं कि संबंधित जानकारी जल्द उपलब्ध कराई जाए। इस पर कमिश्नर का कहना है कि रिकॉर्ड संकलन की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही जवाब दिया जाएगा।

**राठौर बोले- यह वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने योग्य :** नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने बताया कि मैंने 8 अगस्त 2025 को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में ऑनलाइन आवेदन किया। खंडवा की नर्मदा जलापूर्ति योजना के तहत बिछी पाइपलाइन में अब तक करीब 400 बार रिसाव या फूट की घटनाएं हो चुकी हैं। यह संख्या इस श्रेणी में पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलेगी।

**कलेक्टर ने इसे विपक्ष का 'नवाचार' बताया :** इस अनोखे आवेदन पर जब दैनिक भास्कर ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता से प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, यह विपक्ष का नवाचार है। विपक्ष का काम होता है मुद्दे उठाना और काम को बेहतर तरीके से करवाना। यदि इससे प्रशासन पर सकारात्मक दबाव बनता है, तो यह भी लोकतंत्र की एक प्रक्रिया है।

कलेक्टर ने यह भी बताया कि नई पाइपलाइन का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब कनेक्टिविटी जोड़ी जा रही है। अनुमान है कि दीवाली तक नई लाइन से जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

**इसलिए चर्चा में रहती है नर्मदा पाइपलाइन :** खंडवा शहर में नर्मदा जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन आए दिन फूटती रहती है। इससे कई क्षेत्रों में घंटों और कभी-कभी दिनों तक पानी की आपूर्ति बाधित रहती है। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ विपक्ष भी लंबे समय से इसे लेकर नाराजगी जताता रहा है। अब इस समस्या को अनोखे तरीके से उठाते हुए विपक्ष ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की कोशिश की है। अगर यह रिकॉर्ड दर्ज होता है, तो यह खंडवा के लिए एक अनचाहा 'गौरव' बन सकता है।

## बुरहानपुर के नावरा में डेंगू का डंक, 8 मरीज मिल, घर-घर जांच में बुखार के 5 और केस सामने आए; 6 जगह मिला लार्वा



**बुरहानपुर, एजेंसी।** बुरहानपुर जिले के ग्राम नावरा में पिछले तीन दिनों में 8 डेंगू के मरीज सामने आए थे। हालात अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। बुधवार को डेंगू के कोई नए मरीज नहीं मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर सर्वे किया और केवल 5 बुखार के मरीज मिले।

**5 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव :** 67 मरीजों की जांच में 10 संदिग्ध मरीजों के डेंगू जांच के लिए सैंपल लिए गए। जांच में 5 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी जबकि, पहले मिले तीनों बच्चे स्वस्थ हो गए हैं।

**6 घरों में डेंगू का लार्वा मिला :** बुधवार को टीम ने गांव का दोबारा दौरा किया। इस दौरान 6 घरों में डेंगू का लार्वा मिला, जिसे तुरंत नष्ट करा दिया गया। टीम ने घरों में रखी कोठी और बर्तनों में जमा पानी को भी खाली करवाया।

**स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थिति पर नजर रख रही :** वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार स्थिति पर नजर रख रही है। टीम में सीएचओ लता चौहान, एएनएम वर्षा पॉल, आशा कार्यकर्ता रविता पटेल और निहारिका यादव शामिल हैं।

## मंदसौर में स्वच्छ पेयजल अभियान, 7 गांवों में पानी की टेस्टिंग और क्लोरिनेशन; टंकियों की सफाई के निर्देश



**मंदसौर, एजेंसी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गांवों में पानी के क्वालिटी चेक और क्लोरिनेशन का अभियान चला रहा है। मंदसौर के गांवों में प्रयोगशालाएं लगाकर टेस्टिंग किट से पेयजल के स्रोतों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में विभाग ने 7 गांव में क्लोरिनेशन और जागरूकता अभियान चलाया। विभाग ने हैंडपंप की मरम्मत और टंकियों की सफाई के निर्देश दिए। मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग के निर्देश पर, स्वच्छ शौचालय के इस्तेमाल और ठोस-तरल कचरे के निपटारे को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है। अभियान में दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचने के टिप्स दिए गए। कई गांवों में क्लोरिनेशन का काम भी किया गया। अचेरा, अफजलपुर, मुल्तानपुरा, गुर्जरबर्डिया, गरौड़ा, दलोदा और सगरा गांव में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। विभाग ने इन गांवों में क्लोरिनेशन अभियान भी चलाया। कार्यक्रम में जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता और लैब प्रभारी एच.एम. सांखला सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

## सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों ठगे, पैसे मांगने पर कार में दंपती पर चाकू से हमला; फिर आरोपी ने खुद का गला रेतकर जान दी



**सिवनी, एजेंसी।** सिवनी जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत मंगलवार रात सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी का मामला खून-खराबे में बदल गया। आरोपी युवक ने पहले दंपती पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया और फिर घटनास्थल से दूर जाकर खुद का गला रेत लिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना सिवनी-जबलपुर रोड पर साईं रेसिडेंसी के पास हुई।

**दंपती पर हमला करने के बाद आरोपी ने खुद का गला रेता :** मंगलवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच प्रकाश ठाकुर अपनी पत्नी श्रद्धा ठाकुर और आरोपी अर्षित वर्मा के साथ कार से लौट रहे थे। आरोपी पीछे की सीट पर बैठा था। इसी दौरान नगझर बायपास के पास कार में नौकरी दिलाने के नाम पर ली गई रकम को लेकर बहस शुरू हो गई। प्रकाश ठाकुर ने पैसे वापस करने की मांग की तो विवाद बढ़ गया। आरोपी ने जेब से करीब 12 इंच लंबा धारदार हथियार निकाल लिया। उसने कार चला रहे प्रकाश ठाकुर पर पीछे से हमला कर दिया। हमले में प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी श्रद्धा ने बीच-बचाव किया तो आरोपी ने उस पर भी वार कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। हमले के बाद आरोपी कार से कूदकर भागा और करीब सौ कदम दौड़ने के बाद उसी हथियार से अपना गला रेत लिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**नौकरी के नाम पर ठगी का मामला :** पुलिस जांच में सामने आया है कि मंगलीपेठ निवासी 30 वर्षीय अर्षित वर्मा ने प्रकाश ठाकुर से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए लिए थे। उसने दावा किया था कि वह उन्हें जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) में प्रबंधक की नौकरी दिलवा देगा। मंगलवार को तीनों जबलपुर डीआईसी गए भी, लेकिन वहां नियुक्ति पत्र न मिलने पर दंपती को शक हो गया। प्रकाश ने रकम लौटाने की बात कही, जिससे विवाद शुरू हो गया।

**पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई :** सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। राहगीरों ने तुरंत दंपती को अस्पताल पहुंचाया। एएसपी दीपक मिश्रा ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। प्रकाश की हालत गंभीर है, इसलिए उसे नागपुर रेफर किया गया है। श्रद्धा ठाकुर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।न्यता है कि राजा दशरथ के उज्जैन में पिंडदान के दौरान भगवान श्री रामचन्द्र ने यहां आकर पूजा अर्चना की थी। सतयुग में राम, लक्ष्मण और मां सीता वनवास पर थे तब वे घूमते-घूमते यहां पर आए। सीता मां को बहुत प्यास लगी। लक्ष्मण जी ने अपना तीर इस स्थान पर मारा जिससे पृथ्वी में से पानी निकला और यहां एक बावड़ी बन गई।

## वनडे बैटिंग रैंकिंग के टॉप-10 में कोई बदलाव नही, गिल पहले स्थान पर बरकरार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी की जारी वनडे बैटर्स रैंकिंग के टॉप-10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बुधवार को जारी वीकली रैंकिंग में भारतीय बैटर शुभमन गिल टॉप पर बने हुए है। वनडे कप्तान रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर बरकरार हैं। रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श और कैमरन ग्रीन को फायदा हुआ है। हेड एक स्थान बढ़कर 11वें, मार्श चार स्थान चढ़कर 44वें और ग्रीन 44 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 78वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

**ग्रीन ने 55 बॉल पर 118 बनाए :** साउथ अफ्रीका के खिलाफ रविवार को खेले गए तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से तीन शतक लगे थे। हेड ने 103 गेंदों पर 142 रन बनाए थे। वहीं, मिचेल मार्श 106 गेंद पर 100 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद कैमरन ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक लगाते हुए 55 बॉल पर नाबाद 118 रन बनाए थे।

**महाराज-तीक्षणा टॉप पर :** वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में केशव महाराज और महीश तीक्षणा टॉप पर हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे ज्यादा फायदा लुंगी एनगिडी को हुआ। साउथ अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में सीरीज में सात विकेट लिए और छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी शॉन एबट 9 स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर और नाथन एलिस 21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गए।

## तीरंदाजी प्रीमियर लीग का उद्घाटन सत्र 2 अक्टूबर से, लीग का लोगो लॉन्च

APL
ARCHERY PREMIER LEAGUE

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित आर्चरी प्रीमियर लीगके पहले सीजन की तारीखों और स्थल की घोषणा की। यह लीग 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इस मौके पर संघ ने लीग का लोगो भी लॉन्च किया, जो तीरंदाजी खेल की ऊर्जा, एकाग्रता और सटीकता का प्रतीक है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हम इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। यह लीग न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी तीरंदाजी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। तारीखों का चयन खिलाड़ियों के शेड्यूल, उनके कार्यभार और दिल्ली के मौसम को ध्यान में रखकर किया गया है। इस लीग के जरिए हम विश्वस्तरीय प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ भारत की समृद्ध तीरंदाजी विरासत को भी प्रदर्शित करेंगे। संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, नई दिल्ली में आर्चरी प्रीमियर लीग की मेजबानी हमारे लिए गर्व की बात है। इसका गतिशील प्रारूप और समावेशी दृष्टिकोण रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजी दोनों को अप्रत्याशित दृश्यता प्रदान करेगा। हम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का स्वागत करने को उत्साहित हैं और दर्शकों को एक रोमांचक एवं सांस्कृतिक रूप से जुड़ा अनुभव देने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट में पहली बार टीम-आधारित प्रारूप देखने को मिलेगा। इसमें कुल छह तीरंदाज शामिल होंगे।

# दलीप ट्रॉफी में खिलाड़ियों के लिए काफी कुछ दांव पर, श्रेयस-तिलक और यशस्वी-शमी पर रहेंगी नजरें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवा और महत्वाकांक्षी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के मंच पर अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे जब बृहस्पतिवार से लाल गेंद की इस प्रतियोगिता की अपने पारंपरिक क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी होगी और इसके साथ ही भारत के घरेलू क्रिकेट सत्र की शुरुआत होगी। छह क्षेत्रीय टीम 1960 के दशक में शुरू की गई इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। पिछले सत्र में जब यह प्रतियोगिता अव्यवस्थित ढंग से तैयार भारत ए, बी, सी और डी टीमों के बीच खेली गई थी तो हितधारक खुश नहीं थे और फिर उम्मीद के मुताबिक प्रतियोगिता की पुराने प्रारूप में वापसी हुई है।

**पश्चिम क्षेत्र की टीम में कई स्टार :** इस टूर्नामेंट ने पहले अधिक सुर्खियां नहीं बटोरी थी, लेकिन बीसीसीआई द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं होने या चोटिल नहीं होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य करने के बाद यह फिर से प्रासंगिक हो गया है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल शार्दुल ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल शामिल हैं।

**एशिया कप टीम में नहीं चुने गए यशस्वी :** भारत की टेस्ट टीम में अपनी जगह गंवा चुके अय्यर ढेरों रन बनाना चाहेंगे, जबकि सरफराज के साथ भी यही स्थिति है जिन्हें हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए नजरअंदाज किया गया था। एशिया कप टी20 के लिए नहीं चुना जाना अय्यर के लिए प्रेरणा का एक अतिरिक्त स्रोत होगा जिनके बाहर होने पर राय विभाजित हैं। जायसवाल को भी उनकी कोई गलती नहीं होने के बावजूद एशिया कप टीम से बाहर कर दिया गया था।

**तिलक भी दिखाएंगे दमखम :** घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर भारत के लिए लाल गेंद से उनका प्रदर्शन विशेष रहा है और वह अपने सत्र की शुरुआत अच्छी पारियों से करना चाहेंगे। तिलक वर्मा की अगुआई वाली दक्षिण क्षेत्र की टीम में सभी की नजरें आर साई किशोर पर होंगी जो हाथ की चोट के कारण बुची बाबू टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। लोकेश राहुल और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं।

**ईशान चोट की वजह से हुए बाहर :** देवदत्त पडिक्कल चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं और प्रभावशाली प्रदर्शन उन्हें फिर से राष्ट्रीय टीम में जगह दिला सकता है। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह गंवा बैठे थे। पूरे इंग्लैंड दौरे के दौरान मौके का इंतजार करते रहे अभिमन्यु ईश्वरन चोटिल ईशान किशन की अनुपस्थिति में पूर्वी क्षेत्र की टीम की कप्तानी करेंगे।

**ईश्वरन भी खुद को साबित करना चाहेंगे :** जाहिर है कि इंग्लैंड में लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने के बाद ईश्वरन मैदान पर आकर रन बनाने के लिए बेताब होंगे। कई मौकों पर भारतीय टीम का हिस्सा होने के बावजूद ईश्वरन अभी तक पदार्पण नहीं कर पाए हैं और उन्हें घरेलू क्रिकेट में रन बनाते रहना होगा। गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद शमी की लाल गेंद की फिटनेस का आकलन किया जाएगा क्योंकि चोट के कारण उन्होंने टेस्ट टीम में अपनी जगह खो दी है।

**पहला मैच नहीं खेलेंगे गिल :** यह 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे का हिस्सा नहीं था और उन्होंने पिछली बार 2023 में टेस्ट मैच खेला था। केवल लंबे स्पैल और ढेर सारे विकेट ही चयनकर्ताओं को इस कुशल गेंदबाज पर ध्यान देने के लिए मजबूर कर सकते हैं जो अपने शीर्ष से आगे निकल चुका है। शुभमन गिल को उत्तर क्षेत्र की कप्तानी के लिए चुना गया था, लेकिन बीमारी के कारण वह शुरुआती मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं। गिल की अनुपस्थिति में उप कप्तान अंकित कुमार टीम की कमान संभाल सकते हैं।

**अर्शदीप-राणा एक मैच खेल पाएंगे :** दलीप ट्रॉफी में भारत के नए टेस्ट कप्तान की मौजूदगी से टूर्नामेंट में और भी अधिक दिलचस्पी पैदा होती, लेकिन वह फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। एशिया कप टीम में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा संभवतः केवल शुरुआती मैच में ही खेलेंगे और फिर यूएई जाने वाली टी20 टीम से जुड़ जाएंगे। अर्शदीप इंग्लैंड में सभी पांच टेस्ट मैच से बाहर रहे जबकि अंशुल कंबोज जैसा खिलाड़ी टीम में देर से शामिल होने के बावजूद पदार्पण करने में सफल रहा।

**राणा चयन को सही साबित करना चाहेंगे:** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब है और इसके लिए उन्हें लाल गेंद की घरेलू प्रतियोगिताओं में मौका मिलने पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास का ऐलान कर दिया है। हालांकि, उन्होंने अन्य लीग्स में खेलते रहने की बात कही है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की। अश्विन ने एक्स पर लिखा, %%विशेष दिन और इसलिए विशेष शुरुआत। कहते हैं कि हर अंत के साथ एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन विभिन्न लीगों में खेल की खोज करना का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। मैं सभी फ्रेंचाइजियों को इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। सबसे जरूरी आईपीएल और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को, जिन्होंने अब तक मुझे इतना कुछ दिया है। आगे जो भी मेरे सामने है, उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।%%

**अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही ले चुके हैं संन्यास :** अश्वविन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 18 द?िसंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा टेस्ट के बाद अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। हालांकि, उन्होंने आईपीएल खेलना जारी रखा था। अब दिग्गज खिलाड़ी ने आईपीएल को भी अलविदा कह दिया है।

पिछले सीजन खास नहीं रहा प्रदर्शन38 साल के अश्विन पिछले सीजन में चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम का हिस्सा थे, लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था।उन्हें आईपीएल 2025 में 9 मैचों में खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने 7 विकेट लिए थे। इसके अलावा बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने केवल 33 रन बनाए थे।

अश्विन का आईपीएल में प्रदर्शनअश्विन ने सीएसके फ्रेंचाइजी से अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और इसी फ्रेंचाइजी में रहते हुए उन्होंने आईपीएल करियर का अंत किया है। वह आईपीएल में सीएसके के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहे। वह पंजाब टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। अश्विन ने आईपीएल में कुल 220 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 187 विकेट हासिल किए। उनका इकोनॉमी रेट 7.2 का रहा।

## यूपी टी20 लीग में आदर्श सिंह का धमाका, कानपुर सुपरस्टार्स की 128 रन से बड़ी जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी टी20 लीग के 19वें मुकाबले में कानपुर सुपरस्टार्स ने काशी रुद्राज को करारी शिकस्त देते हुए 128 रन से बड़ी जीत दर्ज की। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में आदर्श सिंह की तूफानी शतक और शुभम मिश्रा की घातक गेंदबाजी ने पूरी बाजी पलट दी। शानदार शतक के लिए आदर्श सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। शुभम मिश्रा की घातक गेंदबाजी ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर सुपरस्टार्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने चौथे ओवर में पहला विकेट खो दिया और 10वें ओवर तक स्कोर सिर्फ 54/2 था। मुश्किल परिस्थितियों में आदर्श सिंह ने धैर्य दिखाया और फिर तूफानी अंदाज में गियर बदला। आदर्श ने 51 गेंदों पर शतक पूरा किया और अंत तक नाबाद रहते हुए 55 गेंदों पर 113 रन ठोके। उनकी पारी में 12 छक्के शामिल थे, जिनमें से 10 सिर्फ आखिरी 19 गेंदों में आए। उन्होंने 18वें ओवर में 23 रन, 19वें में 27 रन और अंतिम ओवर में 29 रन उड़ाए। आदर्श और फैज़ अहमद के बीच चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी हुई, जिसमें फैज़ का योगदान सिर्फ 22 रन का था। कानपुर ने 20 ओवर में 198/3 का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी रुद्रास की पारी पूरी तरह बिखर गई। कप्तान करण शर्मा पहली ही गेंद पर स्थ्र्क्ङ्घ हो गए। इसके बाद अनकुर शर्मा ने दो विकेट झटके और टीम 7वें ओवर तक 27/4 पर सिमट गई। इसके बाद शुभम मिश्रा ने कहर बरपाया। उन्होंने सिर्फ 3 ओवर में 6 रन देकर 5 विकेट चटकाए। काशी रुड्राज 15 ओवर में 70 रन पर ऑल आउट हो गई।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण





**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 शुरू होने में अब सिर्फ 30 दिन बाकी हैं। ऐसे में भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने बुधवार को नई दिल्ली के एक होटल में भारतीय टीम की आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। समारोह में 73 सदस्यीय भारतीय दल की घोषणा पर प्रकाश डाला गया, जो 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक घरेलू धरती पर प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहा है।

इस लॉन्च कार्यक्रम में पीसीआई की ब्रांड एंबेसडर प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत, पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया, विश्व पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड और भारत के शीर्ष पैरा एथलीट जैसे प्रीति पाल, सिमरन, रिंकू, धर्मबीर, देवेंद्र कुमार, अमीषा रावत, श्रेयांश त्रिवेदी, वरुण सिंह भाटी और प्रणव सूरमा भी उपस्थित थे।

समारोह में कंगना रनौत ने कहा कि इस क्षण का हिस्सा बनना वास्तव में बहुत खास है। हमारे पैरा एथलीट असली हीरो हैं जो अपनी लगन और ताकत से लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। इस जर्सी लॉन्च के साथ टीम इंडिया की घोषणा उनकी कड़ी मेहनत, एकता और जुनून का प्रतीक है। मुझे पूरा विश्वास है कि वे वैश्विक मंच पर तिरंगे को और भी चमकाएंगे। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि आज की जर्सी लॉन्च और हमारी मजबूत टीम इंडिया की घोषणा सिर्फ एक वर्दी का अनावरण भर नहीं है।

## भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की दावेदारी करेगा, कैबिनेट की मंजूरी 31 अगस्त डेडलाइन; मेजबानी मिलेगी या नहीं फैसला नवंबर में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करने के लिए दावा पेश करेगा। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन (ढ्ढह्र) ने इसे मंजूरी दी थी। अब भारत को 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा। नवंबर के आखिर में यह फैसला होगा कि मेजबानी मिलेगी या नहीं। कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पिछले महीने कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के डायरेक्टर डैरेन हॉल की लीडरशिप में एक टीम ने अहमदाबाद में मौजूद आयोजन स्थलों का दौरा किया था।साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट वह संस्था है जो किसी देश को मेजबानी देने का फैसला करती है।

**कॉमनवेल्थ गेम्स बिडिंग प्रोसेस के लिए 5 स्टेप्स :** गेम्स होस्ट करने को इच्छुक शहर (देश) को कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के पास आवेदन करना होता है। इसके बाद उस देश की नेशनल ओलिंपिक कमेटी प्रस्ताव को मंजूरी देती है। देश की सरकार से मंजूरी मिलने के बाद फाइनल बिडिंग करनी होती है।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अधिकारी होस्ट सिटी और वेन्यू का इंस्पेक्शन करते हैं। सभी दावेदार शहरों का इंस्पेक्शन करने के बाद कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की जनरल असेंबली फाइनल होस्ट का नाम घोषित करती है। पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी भारत 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने इसकी मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं।

**2 एशियन गेम्स भी करा चुका है भारत :** भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 1951 और 1982 के एशियन गेम्स और 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स शामिल हैं। 2010 में दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे। फ्रेंचाइजियों से जुड़ी जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 34 रन देकर चार विकेट रहा। इसके अलावा उन्होंने 118.16 के स्ट्राइक रेट से 833 रन भी बनाए। वह समझते हैं कि मुझे क्या चाहिए, क्या नहीं और मैं क्या नहीं चाहता। एक कप्तान के रूप में उनके विकास पर मुझे बहुत गर्व है, और अब जब वह एशिया कप के लिए उप-कप्तान भी हैं, तो मैं ज़रूर चाहूँगा कि वह ट्रॉफी वापस लाएँ। उन्हें और टीम को शुभकामनाएँ।

## पेट्रोल के लिए हेलमेट अनिवार्य



**दुर्ग, एजेंसी।** जिले में अगर आप भी दो पहिया वाहन चला रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है. जिलेभर के पेट्रोल पंप पर बुधवार से बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिलेगा. 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान जिले में सख्ती के साथ लागू कर दिया गया है. केवल आकस्मिक सेवा, मेडिकल इमरजेंसी और धार्मिक पगड़ी पहनने वाले व्यक्तियों को राहत दी जाएगी।

बता दें कि दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सड़क हादसों में कमी लाने और यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के उद्देश्य से सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश जारी किया है. इसी के साथ पेट्रोल पंप संचालकों को परिसर में नो हेलमेट नो पेट्रोल का बोर्ड या पोस्टर लगाने के निर्देश दिए गए हैं. आदेश के उल्लंघन पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. एक ओर यह आदेश आम नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज से फायदेमंद साबित हो सकता है. वहीं दूसरी ओर पेट्रोल पंप संचालकों में बिक्री कम होने की चिंता बढ़ गई है।


## 155 तस्कर गिरफ्तार, 7 महीने में दुर्ग पुलिस ने की ये कार्रवाई

**भिलाई, एजेंसी।** दुर्ग पुलिस ने नशा तस्करों के चेन को तोड़ते हुए अब तक 71 मामले में केस दर्ज कर कुल 155 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है. इसमें 21 महिलाएं भी शामिल है जो नशा बेचते हुए पकड़ायी है. पुलिस ने सबसे ज्यादा कार्रवाई सूखा नशा गांजे पर कार्रवाई की है. वहीं हेरोइन, ब्राउन शुगर, टेबलेट और सिरप भी जब्त की है।

दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के मुताबिक पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी को रोकते हुए नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. अभियान के तहत 1 जनवरी से 31 जुलाई तक जिले में नशा तस्करों के खिलाफ 71 मामले दर्ज करते हुए 155 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है. उन्होंने बताया कि नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की है. मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में दुर्ग पुलिस की कार्रवाई अच्छी खासी रही.


एनडीपीएस एक्ट के तहत पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष मात्र 7 महीनों में बीते वर्ष की गिरफ्तारियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है. एसएसपी विजय अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया, जिसमें ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है. अग्रवाल के मुताबिक जिले के साथ-साथ बाहरी राज्यों के नशा कारोबारियों और तस्करों पर भी पुलिस नजर बनाए हुए है. पुलिस थानों सहित क्राइम ब्रांच की टीम को भी इस दिशा में सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश हैं.

## जगदलपुर में 4 लोगों की मौत बाढ़ में बह गई कार



**जगदलपुर, एजेंसी।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में एनएच 30 पर दरभा के पास एक दुखद हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई. मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं. हादसा उस समय हुआ जब परिवार की स्विफ्ट डिजायर कार बाढ़ के पानी में बह गई। जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु का यह परिवार बस्तर घूमने आया था. कार में सवार ड्राइवर ने तैरकर अपनी जान बचाई, लेकिन परिवार के चार सदस्य पानी के तेज बहाव में फंस गए. एडिशनल एसपी महेश्वर नाग ने घटना की पुष्टि की है. स्ठत्रऋ्न की टीम ने देर रात कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे शवों को बाहर निकाला. सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जगदलपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## CRPF कैंप बाढ़ की चपेट में इंद्रावती नदी उफान पर



**दंतेवाड़ा, एजेंसी।** बीजापुर के भैरमगढ़ स्थित CRPF 165वीं बटालियन के मुख्यालय में इंद्रावती नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी घुस गया। दंतेवाड़ा-जगदलपुर रोड पर बंजारीनघाट पर सड़क में पानी भर गया। छिंदगढ़ के कोकराल नदी में पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। सुकमा में लगातार बारिश से शबरी नदी उफान पर है। मौसम विभाग की माने तो अगले 3 दिन कई जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। आज बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव इन चार जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

इसके अलावा सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद इन 5 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। कबीरधाम, बलौदाबाजार, रायपुर सहित सेंट्रल पार्ट के 9 जिलों में बिजली गिरने, बादल गरजने और आंधी चलने का अलर्ट है। उत्तरी हिस्से में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है।

# संस्कृति और परंपरा का अनूठा पर्व चक्रधर समारोह का आगाज से, सुरों और थापों से गूंजेगा रायगढ़



**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सांस्कृतिक पहचान और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह का 40वां संस्करण आज बुधवार से आरंभ हो होने जा रहा है। 10 दिवसीय इस भव्य आयोजन में देश-प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। समारोह का आयोजन आज से 5 सितम्बर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से जिला मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकार प्रतिभागी शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे।

इस संबंध मे कलेक्टर ने आज बताया कि चक्रधर समारोह 2025 का शुभारंभ आज शाम 7 बजे राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। पांच हजार से अधिक क्षमता वाला दर्शकदीर्घा बनाया गया है। समारोह के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो लोग कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पाएंगे, उनके लिए टीवी चैनलों के माध्यम से सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

शाम डॉ. कुमार विश्वास काव्य से श्रोताओं को करेंगे भावविभोर

समारोह का शुभारंभ आज गणेश वंदना से होगा, जिसे स्व.वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात दिल्ली के पंडित राजेन्द्र गंगानी कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस दिन का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध कवि डॉ.कुमार विश्वास रहेंगे, जो अपनी ओजस्वी वाणी और काव्य से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे।

**28 अगस्त- शास्त्रीय नृत्य और संगीत का होगा संगम:** दूसरे दिन सुनील मानिकपुरी लोक कर्मा गायन, राजनंदिनी पटनायक ओडिसी, प्रियंका सलूजा कथक, डॉ. राखी रॉय भरतनाट्यम, पं. उदय कुमार मल्लिक शास्त्रीय गायन, देविका देवेन्द्र मंगलामुखी एवं पूजा जैन कथक पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

**29 अगस्त भरतनाट्यम और लोक रंग से सजेगा मंच:** तीसरे दिन गीतिका वैष्णव का गायन, कमलेश यादव की नृत्य नाटिका, गुरू बाला विश्वनाथ का भरतनाट्यम, आरू साहू का छत्तीसगढ़ी लोकगीत, पं.योगेश शम्सी का तबला वादन, भवप्रीता डांस एकेडमी, राधिका शर्मा एवं अंजली शर्मा की कथक प्रस्तुतियां होंगी।

**30 अगस्त पद्मश्री राधेश्याम बारले अपने अनुपम पंथी नृत्य से मंच को करेंगे जीवंत:** 30 अगस्त को डॉ.दीप्ति राउत्रे ओडिसी, इशिका गिरी कथक, भूमिसुता मिश्रा व लिप्सा रानी बिस्वाल ओडिसी प्रस्तुत करेंगी। पद्मश्री राधेश्याम बारले अपने अनुपम पंथी नृत्य से मंच को जीवंत करेंगे।

**31 अगस्त भरतनाट्यम, शास्त्रीय कला और कथक की होगी प्रस्तुति:** 31 अगस्त को आद्या पाण्डेय द्वारा भरतनाट्यम, शैल्वी सहगल द्वारा कथक, एम.टी.मृन्मयी द्वारा भरतनाट्यम, डॉ.मेघा राव द्वारा गायन, डॉ.कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा कथक, अश्विका साव द्वारा कथक, अराध्या कुमारी सिंह द्वारा शास्त्रीय संगीत एवं अन्विता विश्वकर्मा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करेंगी।

**1 सितम्बर पद्मश्री डॉ.अश्विनी भिड़े देशपांडे देंगी शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति:** 01 सितम्बर को डॉ.योगिता मांडलिक द्वारा कथक, हीना दास द्वारा ओडिसी, मुक्ता मेहर द्वारा कथक, पद्मश्री डॉ.अश्विनी भिड़े देशपांडे द्वारा शास्त्रीय संगीत, आरोही मुंशी द्वारा भरतनाट्यम, भूपेन्द्र बरेठ एवं ग्रुप व ऋत्वी अग्रवाल द्वारा कथक एवं डॉ.विपुल रॉय संतुर वादन पर प्रस्तुति देंगे।

2 सितम्बर- छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत की रहेगी धूम

02 सितम्बर को इशिता कश्यप द्वारा कथक, कुमारी काजल कौशिक द्वारा कथक, उस्ताद छोटे रहमत खान द्वारा सितार वादन, कलकक्षेत्र फाउंडेशन द्वारा भरत नाट्यम, सचिन कुम्हरे द्वारा कथक, छाया चंद्राकर एवं ग्रुप द्वारा छ.ग.लोकसंगीत एवं दीपक दास महंत द्वारा तबला वादन की प्रस्तुति दी जाएगी।

**3 सितंबर अबूझमाड़ के प्रसिद्ध मलखम्ब दल का होगा अद्भुत प्रदर्शन:** छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक नया आयाम देने वाले अबूझमाड़ का प्रसिद्ध मनोज प्रसाद का मलखम्ब दल 03 सितम्बर को अपने अद्वितीय कौशल और अनुशासन के साथ मलखम्ब की कला का जीवंत प्रदर्शन करेंगे। वहीं 4 सितंबर को कविता वासनिक एवं ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकरंग की होगी प्रस्तुति देंगी।

## दुर्ग में बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 लड़के गिरफ्तार



**भिलाई, एजेंसी।** दुर्ग पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी के मामले में दो नाबालिग और एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 19 चोरी की बाइक और स्कूटी बरामद की गई हैं। जिनकी कीमत करीब 15 लाख रुपए है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर के अनुसार, जिले में बढ़ती वाहन चोरी पर नजर रखने के लिए सशक्त ऐप का यूज किया जा रहा था।

सूचना पर ग्रीन चौक से तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि वे पिछले चार महीनों से वाहन चोरी कर रहे थे। दो नाबालिग आरोपी अपना शौक पूरा करने के लिए बाइक चोरी करते थे। वे चोरी के वाहनों को कम कीमत में अपने परिचितों को बेच देते थे। खरीददार जानते थे कि वाहन चोरी के हैं और इनके पास न तो नंबर है और न ही कागजात।

पुलिस ने 14 ऐसे खरीददारों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद किए गए वाहनों में 10 स्कूटी और 9 बाइक है। आरोपी अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वाहन चुराते थे। वे चोरी के वाहनों को छिपाकर रखते और फिर बेचकर पैसे खर्च कर देते थे।

## दुर्गवासियों बड़ी सौगात : महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन निर्माण हेतु 23.96 करोड़ की स्वीकृति

**दुर्ग, एजेंसी।** दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में एक और फोरलेन सड़क बनाने विष्णुदेव साय सरकार ने दुर्गवासियों को सौगात दिए है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के सतत प्रयास से 2024-25 के बजट में स्वीकृत कार्य को प्रारंभ करने शासन ने 23.96 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान किये है, अब टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। सड़क के चौड़ीकरण होने यहां से गुजरने वाले हजारों वाहनों का यातायात सुगम होगा। इस स्वीकृति से दुर्ग शहर के विकास को नई गति मिलेगी। शहर के भीतरी क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगा। महाराजा चौक से बोरसी तक 1.80 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट एवं सड़कों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वाहनों के बढ़ती संख्या तथा ट्रैफिक से बचने से उतई, पाटन क्षेत्र के नागरिक भी इसी सड़क का उपयोग करते है। क्षेत्र नागरिक इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग स्थानीय जनता बरसों से कर रहे थे, उनकी लंबित मांग को प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिए और इंजीनियर की टीम के साथ मौका का निरिक्षण कर प्रस्ताव तैयार कराये और शासन स्तर पर 23.96 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

## अपनी गलतियों के लिए दूसरों से करें क्षमा याचना, प्रशम सागर

**धमतरी, एजेंसी।** श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में प्रशम सागर महाराज साहेब एवं योगवर्धन जी महाराज साहेब की निश्रा में पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का समापन बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। बुधवार 27 अगस्त 2025 को प्रवचन के दौरान परम पूज्य प्रशम सागर महाराज साहेब ने कहा कि, आज क्षमापन पर्व है। सावंत्सरिक प्रतिक्रमण करने से पूर्व अपने भीतर की गांठों को खोलना आवश्यक है। अर्थात हमें दूसरों से क्षमा याचना करनी चाहिए और सभी को क्षमा भी प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पर्यूषण पर्व का यह अंतिम दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन भद्रबाहू स्वामी द्वारा रचित प्राकृत भाषा के मूलसूत्र बारसा सूत्र का वाचन श्रीसंघ के समक्ष किया जाता है। इस अवसर पर बारसा सूत्र बोहराने का लाभ नवरतनमल मनोज कटारिया परिवार ने लिया, वहीं पाना झेलाने का लाभ रमेशचंद, इंद्रेश सराफ परिवार ने प्राप्त किया। प्रवचन के पश्चात परम पूज्य प्रशम सागर महाराज साहेब एवं परम पूज्य योगवर्धन महाराज साहेब ने कल्पसूत्र के मूलपाठ का वाचन किया। तत्पश्चात गुरु भगवंतों की निश्रा में पूरे श्रीसंघ द्वारा चैत्यपरिपाटी का आयोजन किया गया। चैत्यपरिपाटी के अंतर्गत पूरे नगर के विभिन्न जिनालयों में जाकर सामूहिक दर्शन-वंदन किया गया। सर्वप्रथम श्रीसंघ ने पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात जुलूस के रूप में बालक चौक स्थित श्री आदिश्वर जिनालय पहुंचे और वहां भी परमात्मा का वंदन किया। तत्पश्चात शांति कालोनी स्थित श्री अभिनंदनस्वामी जिनालय पहुंचकर गुरु भगवन्तों के सान्निध्य में सामूहिक दर्शन-वंदन का लाभ लिया। पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन प्रवचन, मूलसूत्र वाचन और चैत्यपरिपाटी में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता रही। वातावरण धर्ममय और मंगलमय बन गया। इस दौरान जैन समाज के लोग काफी संख्या में शामिल रहे।

## चित्रकोट विधायक विनायक व पूर्व विधायक बैदू के काफिले में शामिल तीन गाड़ियां आपस में भिड़ी



**कोंडागांव, एजेंसी।** जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंर्तगत पटला ढाबा के पास बीती रात चित्रकोट विधायक विनायक गोयल और पूर्व विधायक बैदू कश्यप के काफिले में शामिल तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई।

हादसा उस समय हुआ जब तेज बारिश और सड़क पर हुए जलभराव की वजह से वाहनों का संतुलन बिगड़ गया। इस दुर्घटना में राहत की खबर यह रही कि विधायक विनायक गोयल और पूर्व विधायक बैदू कश्यप पूरी तरह सुरक्षित हैं। काफिले के अन्य वाहनों में बैठे लोगों को भी कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

हादसे में काफिले में शामिल कार्यकर्ता दयाराम सेठिया को हल्की चोटें आई। विधायक विनायक गोयल ने तुरंत घायल कार्यकर्ता को स्वयं अपनी गाड़ी से फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और सड़क से वाहनों को हटवाकर ट्रैफिक को सामान्य किया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन पुलिस की सक्रियता से जल्द ही स्थिति सामान्य हो गई।

## बलरामपुर जिले में गणपति बप्पा की गूंज, 100 साल बाद बन रहा ऐसा योग



**बलरामपुर, एजेंसी।** पूरे भारत में हर वर्ष भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष में गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। आज बुधवार को छत्तीसगढ़ में भगवान गणपति की पूजा धूमधाम से की जा रही है। बीते देर रात को ही बलरामपुर जिले के विभिन्न पंडालों में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है।

**सौ साल बाद बन रहा ऐसा योग:** पंचांग अनुसार, इस बार गणेश चतुर्थी पर करीब 100 साल बाद पावरफुल नवपंचम राज योग बन रहा है। यह योग कई राशि के जातकों के लिए बेहद है खास होगा, तो करियर और कारोबार में तरक्की के योग भी बनेगा। गणेश चतुर्थी के दिन शुक्र ग्रह कर्क राशि में गोचर करेंगे। इस दिन चंद्रमा दिनभर कन्या राशि में भोग करने के बाद रात्रि 7.04 पर तुला राशि में प्रवेश करेंगे। इस दिन शुक्र और वरुण की युति नवपंचम राज योग बना रहे हैं। वहीं इस समय सूर्य सिंह राशि में गोचर कर रहे हैं। इस रवि योग और सर्वार्थसिद्धि योग भी बन रहा है।

जिले के रामानुजगंज स्थित पंडित ददन पांडेय ने कहा कि, जीवन में प्रगति और लोकप्रियता के साथ स्थिरता प्राप्त करने के लिए इस दिन भगवान गणेश का पूजन अत्यंत लाभदायक होता है। शास्त्रों में भगवान गणेश को एकदंतो महबुद्धिः कहा गया है। यानी एकदंत श्रीगणेश ने समस्या के समाधान के लिए बुद्ध के प्रतीक अपने गजशीश में उपलब्ध दोनों दांत का उपयोग नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि, गणपति पूजा के दिन अपने दफ्तर, कार्यालय या घरों में भगवान गणेश की पूजा करने से वास्तु दोष दूर होते हैं। भवन के जिस भाग में वास्तु दोष हो उस स्थान पर घी मिश्रित सिंदूर से दीवार पर स्वास्तिक बनाने से वास्तु दोष कम होता है। घर या कार्यस्थल के किसी भी भाग में वक्रतुण्ड की प्रतिमा या चित्र लगाए जा सकते हैं किन्तु यह ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि किसी भी स्थिति में इनका मुंह दक्षिण दिशा या नैऋत्य कोण में नहीं होना चाहिए।

शास्त्रों में विधान है कि भगवान गणेश की आकृति, विभिन्न सामग्रियों से बनाकर उसका विधिवत पूजन करने से समस्याओं के समाधान सुलभ होता है।

चावल के गणेश -सफेद चावल के गणेश बनाकर उनका शीश लाल चावल से बनाएं और आम की लकड़ी के आसन पर बैठाएं। मंत्र ह्रीं ब्रह्म स्तुताए नमः से 10 दिनों तक पूजन करें। पारिवारिक शांति मिलेगी और पति-पत्नि के संबंध मधुर होंगे।

मूंग दाल के गणेश- बुद्धि और निर्णय लेने संबंधी समस्या के समाधान के लिए हरे रंग की खड़ी मूंग और गुड़ को मिलाकर गणेश प्रतिमा बनाएं। 10 दिनों तक शूर्प कणाएं नमः मंत्र से पूजन करें। छात्रों को लाभ और बुद्धि संबंधी समस्या का समाधान होगा।

लाल चंदन के गणेश- लाल चंदन को पीस कर उससे गणेश प्रतिमा बनाएं लाल आसन पर स्थापित कर 10 दिनों तक रक्त लम्बोदराय नमः मंत्र से पूजन करें। ऐसा करने से ऊर्जा बढ़ेगी, प्रतियोगिता में सफलता के साथ रोग भी शांत हो सकते हैं।

**गोबर के गणेश:** गाय के गोबर से गणेश बनाकर उसे सुखा लें। साथ ही 10 दिन ब्रह्म वित्तमाये नमः का पूजा के समय जाप करें। इससे आर्थिक और कोर्ट-कचहरी संबंधी समस्या का निवारण हो सकेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा